


# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 151

ग्वालियर, शुक्रवार, 18 फरवरी, 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




# प्रधानमंत्री बोले- पंजाब में यूपी का होता रहा अपमान, गांधी परिवार बजाता रहा तालियां

**फतेहपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पंजाब में यूपी व यूपी के लोगों का अपमान होता रहा और गांधी परिवार तालियां बजाता रहा। वही लोग अब यूपी में घूम-घूमकर वोट मांग रहे हैं। उनका इशारा पंजाब में एक चुनावी रैली दौरान वहां के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी द्वारा दिए गए बयान पर था।फतेहपुर की जनसभा में प्रधानमंत्री ने बेहद सधे हुए अंदाज से अपना उद्बोधन शुरू किया। कहा, सारे वाद और विवाद एक तरफ और राष्ट्रवाद एक तरफ, यूपी के लोगों ने ठान लिया है कि होली आने से पहले दस मार्च को ही रंगों की होली धूमधाम से विजय की होली मना लेंगे। भारत माता की जय के साथ जयरामजी की करके जनता का तापमान मापा। कहा कि कहा, अब अवध और बुंदेलखंड के विकास के लिए बदला लेने वाले नहीं, जमीन पर बदलाव लाने वाले चाहिये, परिवारवाद को बढ़ावा देने वाले नहीं पलायन को रोकने वाले चाहिये, सिर्फ घोषणा करके सो जाने वाले लोग नहीं बल्कि घोर परिश्रम करने वाले लोग चाहिये। इसलिए चुनाव को महत्वपूर्ण मानिए और ठान लीजिए किए सारे काम छोड़कर मतदान करेंगे।



प्रधानमंत्री ने कहा कि फतेहपुर बुंदेलखंड के क्षेत्र में पराक्रम और वीरता यहां के लोगों के नसों और खून में है। देश का सामर्थ्य बढ़ता देखकर यहां के लोगों का उत्साह बढ़ता है। लेकिन, यूपी के घोर परिवारवादी हैं, उन्हें देश का पराक्रम कभी नहीं अच्छा लगा। देश कुछ भी अच्छा करता है ये परिवारवादी उसपर सवाल उठाते हैं।

घोर परिवारवादी हर एक काम का विरोध करते हैं। कहा, कोरोना ने दो साल में अपनी चपेट में लिया है और मानवता को संकट में डाला है। ऐसी भयंकर महामारी के बीच एक एक जीवन बचाने के लिए दो साल से काम कर रहे हैं कोशिश कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी सरकार में आपके आशीर्वाद से हमे देश की सेवा करने का मौका मिला है, ये भाजपा सरकार देश को मुफ्त टीका लगा रही है, वैक्सीनेशन हो रहा है। घर घर एक एक व्यक्ति को सभी डोज मिल जाए इसके लिए पूरी मेहनत करती है। संकट से आपको रक्षा कवच दिया है, सच्चे अर्थ में मानवता की जिंदगी बचाने का काम किया है। लेकिन, ये परिवारवादी क्या बोल रहे हैं कि ये तो भाजपा का टीका है। अरे ये तो कोरोना से बचने का टीका है, जब यूपी के लोगों ने इनकी बात अनसुनी कर दी, कभी कभी तो लगता है कि टीके से दो लोग डरते हैं, पहला कोराना वायरस और दूसरे टीका विरोधी लोग। रिकार्ड वैक्सीन लगवा दी तो अब ये क्या शुरू किया है कि सरकार ये टीके के पीछे इतना खर्चा क्यों कर रही है। आपकी जिंदगी बचेगी तो मुझे खुशी होगी, आप लोगों ने इतना प्यार दिया सम्मान दिया और पद दिया, मुझे आप लोगों के लिए काम करते रहना है।

## राजनाथ सिंह बोले- लोगों को बांटकर सत्ता हासिल करना चाहती है कांग्रेस

**अमृतसर।** पंजाब विधानसभा चुनाव में अपनी पार्टी का प्रचार करते हुए केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को अमृतसर सेंट्रल में एक जनसभा में बोलते हुए कांग्रेस पर लोगों को बांटकर सत्ता हासिल करने का आरोप लगाया है।



उन्होंने कहा कि जब चन्नी ये बोल रहे थे तब प्रियंका गांधी वहीं पर थी, जनता इसे बर्दाश्त नहीं करेगी। कांग्रेस ने पंजाब को लूटा और दूसरा दिल्ली से आकर यहां सरकार बनाने का दावा कर रहा है। उन्होंने कहा कि मैं कांग्रेस और चन्नी साहब से पूछना चाहता हूं कि क्या गुरुनानक देव जी ने यही संदेश दिया है? गुरुनानक देव जी ने सबसे बनाई और सबकी भलाई का संदेश दिया है। इस धरती के लोगों ने भी यही संदेश दिया है लेकिन कांग्रेस लोगों को बांटकर सत्ता हासिल करना चाहती थी। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत दुनिया का अकेला देश है, जिसने भारत की सीमा में रहने वाले लोगों को ही अपना सदस्य नहीं माना है बल्कि पूरे विश्व के लोगों को अपने परिवार का सदस्य मानते हुए वसुधैव कुटुंबकम की बात कही है।

## पंचतत्व में विलीन हुए बप्पी लहिरी, बेटे बप्पा ने दी मुखाग्नि

### 15 दिन के अंदर संगीत की दुनिया के दो सितारों की मौत

**मुंबई।** बॉलिवुड के मशहूर सिंगर और म्यूजिक कंपोजर बप्पी लहिरी को गुरुवार को पंचतत्व में विलीन कर दिया।पुत्र बप्पा लहिरी ने उन्हें मुखाग्नि दी।



बप्पी लहिरी का अंतिम संस्कार पवन हंस श्मशान घाट में किया गया। इससे पहले बप्पी दा की फूलों से सजे ट्रक में अंतिम यात्रा निकाली गई।बप्पी की अंतिम यात्रा उनके जुहू स्थित घर से करीब 10 बजे शुरू हुई और धीरे-धीरे पवन हंस श्मशान भूमि की ओर बढ़ी। परिवार के लोगों के अलावा अलका याग्निक, विद्या बालन, रुपाली गांगुली और सुनील पाल सहित कुछ और हस्तियां बप्पी दा की अंतिम यात्रा में शामिल हुईं। इनके अलावा भूषण कुमार, निखिल द्ववेदी और बब्बर सुभाष सहित कई हस्तियां श्मशान भूमि में मौजूद रहीं। मीका सिंह भी बप्पी दा के अंतिम दर्शन के लिए श्मशान घाट पहुंचे। बप्पी दा को अंतिम विदाई देने के लिए सुबह से ही सारी तैयारियां कर ली गई थीं। बप्पी लहिरी के पार्थिव शरीर को जिस वक्त पवन हंस श्मशान भूमि ले जाया जा रहा था,तब रीमा बिलख-बिलखकर रो रही थीं।श्मशान भूमि पहुंचने पर डिस्को डांसर फिल्म के डायरेक्टर और बप्पी दा के करीबी दोस्त बब्बर सुभाष मौजूद थे। रीमा उन्हें देखते ही फफक-फफक कर रो पड़ीं। उनकी भी आंखें छलकी और किसी तरह रीमा को संभालकर हौसला दिया।

# केंद्र सरकार की अदूरदर्शी नीतियों का खामियाजा भुगत रही है जनता : मनमोहन सिंह

### इतिहास को कसूरवार ठहराने से अपने गुनाह कम नहीं हो सकते

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह ने गुरुवार को केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला। मनमोहन सिंह ने कहा कि केंद्र की खराब नीतियों के कारण लोग आर्थिकता, बेरोजगारी और बढ़ती महंगाई का सामना करने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि 7.5 साल सरकार चलाने के बाद भी केंद्र अपनी गलती मानने और सुधार करने की बजाए पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को ज़िम्मेदार ठहरा रही है।

देश के 5 राज्यों में हो रहे चुनाव के बीच पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने पीएम नरेंद्र मोदी की अबोहर रैली से ठीक पहले एक वीडियो संदेश जारी कर केंद्र की मोदी सरकार पर सीधा हमला बोला है। उन्होंने कहा, भारत एक अहम मोड़ पर खड़ा है। मेरा



बहुत मन था की मैं पंजाब, उत्तराखंड, गोवा, उत्तर प्रदेश और मणिपुर के भाई बहनों के पास जाकर देश के हालातों पर चर्चा करूं। पर वर्तमान हालात में डॉक्टरों की राय मानते हुए मैं आपसे इस वीडियो सन्देश के जरिये बात कर रहा हूं। मनमोहन सिंह ने कहा, आज की स्थिति बहुत चिंताजनक है। कोरोना की मार के बीच केंद्र सरकार की अदूरदर्शी नीतियों की वजह से एक तरफ लोग गिरती अर्थव्यवस्था, बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी से परेशान हैं, दूसरी तरफ हमारे आज के हुक्मरान साढ़े सात साल सरकार चलाने के बाद भी अपनी गलतियों को मानकर उनमें सुधार करने के बजाय लोगों की परेशानियों के लिए हमारे पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को जिम्मेदार ठहराने में लगे हैं। उन्होंने कहा, मेरा स्पष्ट मानना है की प्रधानमंत्री पद की खास गरिमा होती है और इतिहास को कसूरवार ठहराने से अपने गुनाह कम नहीं हो सकते। प्रधानमंत्री के रूप में मैंने दस साल तक काम करते हुए खुद ज्यादा बोलने की बजाय मेरे काम के बोलने को प्राथमिकता दी। हमने कभी अपने राजनीतिक फायदे के लिए देश को नहीं बांटा, कभी सच पर पर्दा डालने की कोशिश नहीं की, कभी देश और पद की गरिमा कम नहीं होने दी। हमने हर मुश्किल के बावजूद भारत और भारतीयों का मान अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ऊंचा बढ़ाया। पूर्व पीएम ने कहा, मुझे संतुष्टि है की मुझ पर मौनमोहन, कमजोर और भ्रष्टाचार के झूठे आरोप लगाने भाजपा और उसकी बी-सी टीमों के दुष्प्रचार की कलई आज देश के सामने खुल चुकी है और देश 2004 से 2014 के दौरान किये गए आज हमारे अच्छे कामों को याद कर रहा है। कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री की सुरक्षा के नाम पर पंजाब के मुख्यमंत्री सरदार चरणजीत सिंह चन्नी और यहां के लोगों को भाजपा द्वारा बदनाम करने का प्रयास किया गया।

## सीएम पद से क्यों हटाए गए कैप्टन अमरिंदर सिंह? राहुल गांधी ने पहली बार किया खुलासा



**फतेहगढ़ साहिब।** पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह को मुख्यमंत्री पद से क्यों हटाया गया था? इसको लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पहली बार खुलासा किया है। 20 फरवरी को होने वाले आगामी पंजाब विधानसभा चुनाव से एक रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि कैप्टन पंजाब के लोगों को मुफ्त बिजली नहीं देना चाहते थे। ज्ञात हो कि 2017 के चुनावों में कैप्टन अमरिंदर सिंह के नेतृत्व में सत्ता में आने वाली कांग्रेस ने पिछले साल सितंबर में अमरिंदर को हटाकर चरणजीत सिंह चन्नी को मुख्यमंत्री बनाया था। अब कैप्टन अमरिंदर सिंह ने अपनी अलग पार्टी बनाई है और वे भाजपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं। पंजाब के फतेहगढ़ साहिब में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा, ÷मैं आपको बताऊंगा कि कैप्टन अमरिंदर सिंह को पंजाब के सीएम पद से क्यों हटाया गया। इसका कारण यह है कि वह गरीब लोगों को मुफ्त बिजली देने के लिए राजी नहीं हुए। वे कहते रहे कि बिजली आपूर्ति करने वाली कंपनियों के साथ उनके कॉन्ट्रैक्ट हैं। अमरिंदर जी ने मुझे कहा कि हम बिजली माफ नहीं कर सकते क्योंकि हमारा बिजली कंपनियों के साथ कॉन्ट्रैक्ट है। इस दौरान राहुल गांधी ने पंजाब की मुख्य विपक्षी पार्टी आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल पर भी जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि केजरीवाल जी ने मजीठिया से माफी क्यों मांगी? राहुल गांधी ने कहा, क्या मैंने या चन्नी जी ने मजीठिया से माफी मांगी, फिर केजरीवाल ने क्यों माफी मांगी। मेरे ऊपर 20-25 केस है, मैंने आज तक किसी से माफी नहीं मांगी।

## खास खबर

### देश में हिजाब पर नहीं कोई पाबंदी, कुछ लोग कर रहे तालिबानी ताला लगाने का प्रयास : नकवी

**नई दिल्ली।** कर्नाटक से उठा हिजाब विवाद कोर्ट की दहलीज तक पहुंच गया है। मामला शांत होने के बजाए लगातार तूल पकड़ता जा रहा है जिसपर जमकर सियासत हो रही है। अब केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि भारत में हिजाब पर किसी तरह की रोक नहीं है, उन देशों की तरह नहीं जहां सार्वजनिक स्थलों पर भी रोक लगाई गई है। नकवी ने कहा कि भारत में हिजाब पर किसी तरह की रोक नहीं है, उन देशों की तरह नहीं जहां सार्वजनिक स्थलों पर भी रोक लगाई गई है। कुछ लोग इस मामले में लड़कियों को शिक्षा से दूर करने और कैसे उस पर तालिबानी ताला लगा सकें उसकी कोशिश कर रहे हैं। यह कोशिश सफल नहीं होगी। वहीं भाजपा सांसद साध्वी प्रज्ञा ने कहा कि कहीं भी हिजाब पहनने की जरूरत नहीं है। जो लोग अपने घरों में सुरक्षित नहीं हैं उन्हें हिजाब पहनना जरूरी है। बाहर रहते हुए जहां कहीं भी हिंदू समाज है, उन्हें हिजाब पहनने की आवश्यकता नहीं है, खासकर उन जगहों पर जहां वे पढ़ती हैं। उन्होंने कहा कि हिंदू श्रेष्ठ और विचारों का उच्च होता है, ऐसे में कहीं भी हिजाब पहनने की जरूरत नहीं है। कर्नाटक के उडुपि सरकारी इंटर कॉलेज में सबसे पहले 6 मुस्लिम छात्राओं ने हिजाब पहनकर कक्षा में शामिल होने की मांग की थी।

### कम से कम जुमे को ही पहनने दो हिजाब हाई कोर्ट में छात्राओं की मांग

**नई दिल्ली।** कर्नाटक हाई कोर्ट में हिजाब विवाद को लेकर फिर सुनवाई हुई। इस दौरान छात्राओं की ओर से अधिवक्ता विनोद कुलकर्णी ने पीठ से अनुरोध किया कि शुक्रवार को जुमा है, कृपया अभी के लिए छात्राओं को शुक्रवार के दिन हिजाब पहनने की अनुमति दे दीजिए। पीठ ने कहा कि ठीक है, हम आपके अनुरोध पर विचार करेंगे। फिर कुछ ही देर में सुनवाई शुक्रवार के लिए स्थगित हो गई। गुरुवार को एक बार फिर कर्नाटक हाई कोर्ट में हिजाब विवाद को लेकर सुनवाई शुरू हुई। पार्टी-इन-पर्सन विनोद कुलकर्णी ने पीठ से छात्राओं के शुक्रवार की रोज स्कूलों में हिजाब पहनने की अनुमति देने का अनुरोध किया। विनोद कुलकर्णी ने कहा, ÷शुक्रवार जुमा है। कृपया, अभी के लिए छात्राओं को कम से कम शुक्रवार को हिजाब पहनने की अनुमति दें। यह अंतरिम आदेश सामूहिक उन्माद पैदा कर रहा है। कर्नाटक हाई कोर्ट में हिजाब विवाद को लेकर आज फिर सुनवाई हुई। इस दौरान छात्राओं की ओर से अधिवक्ता विनोद कुलकर्णी ने पीठ से अनुरोध किया कि शुक्रवार को जुमा है, कृपया अभी के लिए छात्राओं को शुक्रवार के दिन हिजाब पहनने की अनुमति दे दीजिए। पीठ ने कहा कि ठीक है, हम आपके अनुरोध पर विचार करेंगे। फिर कुछ ही देर में सुनवाई शुक्रवार के लिए स्थगित हो गई। एक बार फिर कर्नाटक हाई कोर्ट में हिजाब विवाद को लेकर सुनवाई शुरू हुई। पार्टी-इन-पर्सन विनोद कुलकर्णी ने पीठ से छात्राओं के शुक्रवार की रोज स्कूलों में हिजाब पहनने की अनुमति देने का अनुरोध किया।

### 12-15 साल के बच्चों को वैक्सीन लगाने का रास्ता साफ!

**नई दिल्ली।** देश में जल्दी ही 12 से 15 साल के बच्चों के लिए भी कोरोना टीकाकरण शुरू हो सकता है। मोदी सरकार बायोलॉजिकल-ई की वैक्सीन कोर्बेवैक्स को इस उम्र के बच्चों के लिए इस्तेमाल कर सकती है। सूत्र बताते हैं कि कोर्बेवैक्स की करीब 5 करोड़ खुराकें केंद्र सरकार को इसी महीने के आखिर तक उपलब्ध होगी हैं। कोरोना प्रबंधन से जुड़े केंद्र सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि औषधीय नियामक की विषय-विशेषज्ञ समिति ने कोर्बेवैक्स को 12 से 18 साल तक के बच्चों के लिए भी उपयुक्त माना है। इस समिति ने भारत के औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) को इस बाबत अपनी सिफारिशें भेज दी हैं।डीसीजीआई जल्द ही यह टीका 12 से 18 साल तक के बच्चों को लगाने की मंजूरी दे सकता है।

## बड़े मियां पीएम मोदी छोटे मियां केजरीवाल दोनों का जन्म आरएसएस से हुआ : प्रियंका गांधी



**पठानकोट।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने आम आदमी पार्टी और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को नौकरी और कोरोना सहित कई मुद्दों पर घेरा। उन्होंने कहा कि वे एक भी पूरी सरकार नहीं चला सके हैं। प्रियंका ने पंजाब के पठानकोट में रैली के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी की भी तारीफ कर कहा कि चन्नी ने बड़े फैसले लिए हैं।

कांग्रेस महासचिव ने कहा, मेरी शादी एक पंजाबी परिवार में हुई हैं, मैं जानती हूं पंजाबीयत क्या है।उन्होंने कहा, मेरी बड़ी सासू मां ससुर जी को कंधे पर टाप-टाप कर सियालकोट से लाई, ये है पंजाबीयत। मेरे ससुर जी जो सब कुछ छोड़कर बंटवारे के समय यूपी के मुरादाबाद में अपना व्यापार शुरू किया। प्रियंका गांधी ने कहा कि पंजाबीयत सेवा है जो किसी के सामने नहीं झुकते, सिर्फ मालिक के सामने झुकते हैं।इस मौके पर उन्होंने आम आदमी पार्टी की सरकार चलाने की क्षमता पर भी सवाल खड़े कर दिए। उन्होंने कहा कि कहते है कि नई सरकार चलाएंगे, अरे पहले एक सरकार तो ढंग से चलाइए। उन्होंने कहा कि दिल्ली में पुलिस तक इनके हाथ में नहीं है, वहां तक एक पूरी सरकार चलाई नहीं। कांग्रेस नेता आप पर तंज कसा कि वे दिल्ली में एक भी फाइल पास नहीं करा पाते।

प्रियंका गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी निशाना साधकर कहा, बड़े मियां तब बड़े मियां (पीएम मोदी) छोटे मियां (केजरीवाल) सुभान अल्लाह, दोनों का जन्म आरएसए से हुआ। कांग्रेस महासचिव ने कहा, एक का गुजरात मॉडल पूरी तरह फेल और एक कहते है दिल्ली मॉडल बनाएंगे। उन्होंने दावा किया कि केजरीवाल सरकार ने दिल्ली में केवल 440 नौकरियां दी हैं। वहीं, उन्होंने कोरोना के दौरान हुई मौतों पर भी दिल्ली सरकार पर सवाल उठाया। सीएम चन्नी को लेकर उन्होंने कहा, 'कांग्रेस के असली सरदार हैं, नकली सरदार नहीं जो मंच पर सिर्फ पगड़ी पहन कर खड़े हो जाते है, 111 दिन में हिम्मतवाले निर्णय लिए सीएम चन्नी ने किए है। खास बात है कि कांग्रेस ने चन्नी को ही राज्य में मुख्यमंत्री चेहरा घोषित किया है। पंजाब में विधानसभा चुनाव के लिए 20 फरवरी को एक ही चरण में मतदान होगा और 10 मार्च को वोटों की गिनती की जाएगी।

## म्यांमार में तख्तापलट के बाद ध्वस्त किए गए 4500 घर, कई जगहों पर किया गया आग के हवाले

**यंगून।** म्यांमार में सैन्य तख्तापलट को एक वर्ष से ज्यादा हो गया है। इस दौरान सेना 4,571 नागरिकों के घर ध्वस्त कर चुकी है। अकेले सागैंग प्रांत में 2,567 घरों को तोड़ डाला गया। चिन प्रांत में 976, माग्वाय में 626 और कायेह प्रांत में 310 घरों को तोड़ा गया। कई जगहों पर घरों को आग के हवाले कर दिया गया। रेडियो एशिया ने डाटा फार म्यांमार के हवाले से यह जानकारी दी है।



**शहरी क्षेत्रों में घरों को बनाया गया निशाना:** डाटा फार म्यांमार के अनुसार, गांव को तबाह करने की घटना मई 2021 के आखिर में शुरू हुई और अक्टूबर, नवंबर एवं दिसंबर में इसमें तेजी आई। इस वर्ष फरवरी में भी सेना ने गांव उजाड़े हैं। शहरी क्षेत्रों में घरों को निशाना बनाया गया है।

**बेहद गंभीर रहीं सैन्य प्रतिक्रियाएं:** रेडियो फ्री एशिया ने बताया कि घरों को टाउनशिप में लक्षित किया गया था, जहां लोकतंत्र समर्थक पीपुल्स डिफेंस फोर्स मिलिशिया और सशस्त्र जातीय समूहों के रूप में जन-विरोधी प्रतिरोध हाल के महीनों में विशेष रूप से उग्र रहा है। जहां सैन्य प्रतिक्रियाएं बेहद गंभीर रहीं हैं। बता दें कि म्यांमार में सेना गत वर्ष एक फरवरी को लोकतांत्रिक तरीके से निर्वाचित सरकार को अपदस्थ कर सत्ता पर काबिज हो गई थी। सरकार की मुखिया आंग सान सू की समेत तमाम नेताओं को जेल में डाल दिया गया।

**तख्तापलट के चलते देश में हुए बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन:** गौरतलब है कि म्यांमार में 1 फरवरी 2021 को हुए तख्तापलट के बाद से उथल-पुथल है। जब वरिष्ठ जनरल मिंग आंग हलिंग के नेतृत्व में म्यांमार की सेना ने नागरिक सरकार को उखाड़ फेंका और एक साल के लिए आपातकाल की घोषणा की। तख्तापलट के चलते देश में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए और पूरे देश में घातक हिंसा का सामना करना पड़ा।

## करहल में कमल खिला दो सपा का यूपी से सूपड़ा साफ हो जाएगा : अमित शाह

**करहल।** यूपी विधानसभा चुनाव में तीसरे चरण का मतदान 20 फरवरी को होना है और जिसके लिए राजनीतिक दलों का प्रचार तेज हो गया है। गुरुवार को सपा और भाजपा की ओर से करहल में प्रचार का सुपरप्लान बनाया गया है। वीआईपी विधानसभा सीट बन चुकी करहल में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सपा का घेराव कर रहे हैं। उन्होंने यहां की भूमि को नमन करने के साथ कहा कि करहल में कमल खिलाकर पूरी यूपी से सपा का सूपड़ा साफ हो जाएगा। उन्होंने कहा कि नेताजी (मुलायम सिंह यादव) को भी अपने प्रचार के लिए परेशान कर रहे हैं अखिलेश यादव। जनसभा में अमित शाह ने कहा, 'पहले और दूसरे चरण में सपा



का सूपड़ा साफ हो गया है। 300 से ज्यादा सीटों के साथ भाजपा की सरकार बन रही है, आप एक बार फिर जिता दीजिए। उन्?होंने कहा कि हम ने गरीब कल्याण के लिए कई काम किए। 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि ये गरीब पिछड़ों की सरकार है। मोदी जी ने योगी जी को भेजा और घर-घर योजनाएं पहुंचीं।' उन्होंने कहा कि अखिलेश कहते थे कि धारा 370 हटेगी तो खूनखराबा होगा लेकिन एक बार कंकड़ भी नहीं फेंका गया। उन्होंने स्थानीय भाजपा प्रत्याशी एसपी सिंह बघेल के लिए जनता से कहा कि बदलाव की बयार लाना हो तो भाजपा को वोट दें।

**क्या सपा-बसपा इतना किसी के लिए कर सकती थीं:** अमित शाह ने केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार की योजनाओं का जिक्र करते हुए जनता से वोट देने की अपील की। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने 130 करोड़ लोगों को टीका लगाने का काम किया है। उनका जीवन सुरक्षित किया है।

न्यूज़ ट्रैक....

## आईपीएल और पाक दौरे के शुरुआती मैचों से बाहर रहेंगे मैक्सवेल

**मेलबर्न ।** ऑस्ट्रेलियाई आलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल अगले महीने अपनी शादी के कारण पाकिस्तान दौरे के साथ ही इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के शुरुआती मैचों से भी बाहर रहेंगे। मैक्सवेल और उनकी मंगेतर विनी रमन 27 मार्च को परिणय सूत्र में बंधेंगे। मैक्सवेल ने कहा कि कार्यक्रम में बदलाव के कारण तिथियों में टकराव हो रहा है। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने मैक्सवेल को भी 15 वें सत्र के लिए बरकरार रखा था। उन्होंने कहा, 'शुरू में जब मैंने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के साथ मैच की तारीखों को लेकर बात की तो दो सप्ताह का अंतर था जिसमें मुझे संभावित रूप से समय मिल जाता। मैक्सवेल ने कहा, 'इसलिए जब मैंने तिथियों पर अंतिम फैसला किया तो मैं खुश था कि मुझे किसी श्रृंखला से बाहर नहीं रहना पड़ेगा। इसके बाद पिछले साल जब मैं सीएक की अनुबंध संबंधी बैठक में आया तो उन्होंने कहा कि पाक के खिलाफ श्रृंखला होगी। गौरतलब है कि आईपीएल के मुकाबले मार्च के आखिरी सप्ताह में शुरू होने की संभावना है जबकि ऑस्ट्रेलियाई टीम अपने पाक दौरे में सीमित ओवरों की श्रृंखला 29 मार्च से खेलेगी।

## भारतीय स्कीयर आरिफ शीतकालीन ओलंपिक से बाहर हुए

**बीजिंग ।** शीतकालीन ओलंपिक खेलों में भाग ले रहे भारत के एकमात्र खिलाड़ी अल्पाइन स्कीयर आरिफ खान यहां पुरुषों की स्लैलम स्पर्धा में पहली रेस ही पूरी नहीं कर पाने के कारण स्पर्धा से बाहर हो गये। इसी के साथ ही इन खेलों में भारत का अभियान भी समाप्त हो गया है। इस स्पर्धा में कुल 88 खिलाड़ियों ने भाग लिया था जिनमें से केवल 52 ही रेस पूरी कर पाये हैं अब यही खिलाड़ी दूसरी रेस में भाग लेंगे। आरिफ ने हालांकि पहली रेस में अच्छी शुरुआत करते हुए पहले चरण को 14.40 सेकेंड और दूसरे चरण को 34.24 सेकेंड में पूरा किया था पर वह बदकिस्मती से अंतिम चरण को पूरा नहीं कर पाये। वहीं ऑस्ट्रिया के योहान्स स्ट्रोल्ज़ 53.92 सेकेंड के समय निकालकर पहली रेस में ही सबसे तेज स्कीयर रहे। नॉर्वे के हेनरिक क्रिस्टोफ़र्सन भी (53.94 सेकेंड) और सेबेस्टियन फ़ॉस सिलेवाग (53.98 सेकेंड) समय निकालकर दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

## 25 फरवरी को होगा प्रो कबड्डी लीग का खिताबी मुकाबला

**बेंगलुरू ।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) का फाइनल मुकाबला 25 फरवरी को होगा। वहीं इससे पहले के दो प्लेऑफ मैच 21 और 23 फरवरी को होंगे। आयोजकों के अनुसार ''प्लेऑफ 21 फरवरी और 23 फरवरी को आयोजित किये जाएंगे। वहीं इसके बाद आठवें सत्र का फाइनल 25 फरवरी को खेला जाएगा।'' साथ ही कहा है कि छह टीमें पीकेएल ट्राफी के लिये आमने-सामने होंगी।

# टी-20: भारत ने वेस्टइंडीज को 6 विकेट से हराया

**कोलकाता ।** भारत और वेस्टइंडीज के बीच खेले गए पहले टी-20 मैच में भारत ने वेस्टइंडीज को 6 विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। वेस्टइंडीज द्वारा दिये गये 158 रन के लक्ष्य को भारत ने 18.5 ओवर में 4 विकेट खोकर 164 रन बनाकर जीत हासिल कर ली। भारत की ओर से कप्तान रोहित शर्मा ने 19 गेंद में 03 छक्के और 4 चौके की सहायता से 40 रन बनाये। वहीं ईशान किशान ने 42 गेंदों में 4 चौकों की सहायता से 35 रन बनायें। विराट कोहली ने 17,ऋषभ पंत ने 8, सूर्यकुमार यादव ने 29 (नाबाद) और वेंकटेश अय्यर ने 18 रनों (नाबाद) का योगदान दिया। वेस्टइंडीज के ओर से रॉस्टन चेज ने दो विकेट, शेल्डन कॉटरेल और कैबियन ऐलन ने 1-1 विकेट लिए। इससे पहले भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं



रही। ब्रैंडन किंग को भुवनेश्वर कुमार ने पहले ही ओवर में सूर्यकुमार यादव के हाथों कैच करा दिया। युजवेंद्र चहल ने सातवें ओवर की पांचवीं गेंद पर काइल मेयर्स (31) को पगबाधा आउट किया।

करियर का पहला इंटरनेशनल मैच खेल रहे रवि विश्नोई ने 11वें ओवर में रस्टन चेज को पगबाधा आउट कर भारत को तीसरी कामयाबी दिलाई। इसी ओवर की पांचवीं गेंद पर उन्होंने रोवमन पावेल को भी पवेलियन चलता कर दिया।दीपक चाहर ने 14वें ओवर में अकील हुसैन का विकेट लिया। निकोलस पूरन 43 गेंदों पर 4 चौके और 5 छक्के की मदद से 61 रन बनाने के बाद हर्षल पटेल का शिकार बने। पूरन ने अपने टी-20 करियर की छठी और भारत के खिलाफ दूसरी फिफ्टी जमाई है। ओडीयन स्मिथ पारी की आखिरी गेंद पर हर्षल पटेल को विकेट दे बैठे। कप्तान रोहित शर्मा ने उनका बेहतरीन कैच लपका।

## बांग्लादेश में अफगान के आठ क्रिकेटर कोविड संक्रमित : रिपोर्ट

**ढाका ।** अफगानिस्तान के कम से कम आठ क्रिकेटरों का बांग्लादेश के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला से पहले कोरोना संक्रमित हो गए है। रिपोर्ट के अनुसार आठ क्रिकेटरों के अलावा अफगानिस्तान के सहयोगी स्टाफ के तीन सदस्यों का परीक्षण भी पॉजिटिव आया है। अफगान को 23 फरवरी से बांग्लादेश के खिलाफ तीन वनडे और दो टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने हैं। रिपोर्ट में कहा गया है,अफगानिस्तान की टीम के बाकी सदस्यों ने सिलहट में एक सप्ताह तक चलने वाले अभ्यास शिविर में भाग लिया।जबकि पॉजिटिव खिलाड़ी पृथकवास पर हैं। तीन वनडे 23, 25 और 28 फरवरी को खेले जाएंगे, जबकि टी20 मैच तीन और पांच मार्च को होगा।



बीजिंग में स्पीड स्केटिंग मुकाबले के बाद उत्साहित विजेता खिलाड़ी

## भारत-पाक मैच से लड़कियां क्रिकेट की ओर प्रेरित होंगी : मारूफ

**लाहौर ।** पाकिस्तान महिला क्रिकेट टीम की कप्तान बिसमाह मारूफ के अनुसार भारत और पाक के बीच क्रिकेट मुकाबले शुरु होने चाहिये। मारूफ के अनुसार इससे दोनो देशों की महिला क्रिकेटरों को लाभ होगा। भारतीय टीम न्यूजीलैंड में आईसीसी एक दिवसीय विश्व कप के पहले मैच में छह मार्च को पाक से खेलेगी। यह टूर्नामेंट चार मार्च से तीन अप्रैल तक न्यूजीलैंड के छह शहरों आकलैंड, क्राइस्टचर्च, डुनेडिन, हैमिल्टन, तौरंगा और वेलिंगटन में खेला जाएगा। मारूफ ने कहा कि भारत और पाक का मैच किसी भी खिलाड़ी के लिये अपनी प्रतिभा साबित करने का सबसे बेहतर मंच होता है। इससे दोनो देशों की लड़कियां क्रिकेट खेलने के लिए प्रेरित होंगी। मारूफ ने कप्तान मिताली राज की भारतीय टीम को बेहतर बताया पर कहा कि पाक टीम भी मुकाबले में उसे कड़ी टक्कर देगी। उन्होंने कहा कि भारतीय टीम बहुत अच्छी है जिसने हाल ही में शानदार प्रदर्शन किया है। उनके पास कई अच्छे युवा खिलाड़ी हैं। मारूफ ने कहा कि हमारा लक्ष्य पहली बार सेमीफाइनल में पहुंचने का है।






# मुग्धा गोडसे ने 2021 में अच्छी शुरुआत के लिए फिल्म इंडस्ट्री का आभार जताया



अभिनेत्री मुग्धा गोडसे अपनी फिल्म फौजी कॉलिंग और रियलिटी शो फॉरबिडन एंजेल्स की रिलीज का इंतजार कर रही हैं, जिसमें वह जज की सीट पर नजर आएंगी। एक कठिन साल 2020 के बाद, वह खुश हैं कि फिल्म इंडस्ट्री में सभी के लिए चीजें चमकती दिख रही हैं। मुग्धा ने कहा, वर्ष 2021 की शुरुआत के लिए मैं हर चीज के लिए आभारी हूं। मेरी फिल्म रिलीज और रियलिटी शो टेलिकास्ट हो रहे हैं। बहुत सी चीजें हो रही हैं और कई प्रोजेक्ट लाइन में हैं। मैं उन सभी के लिए प्रार्थना करती हूं कि 2021 में, जिन्हें व्यापार और नौकरियों में बड़ा नुकसान हुआ, वह सब कुछ ठीक हो जाएगा। मैं अपनी फिल्म और शो को लेकर उत्साहित हूं। उन्होंने कहा, वर्ष 2020 एक टेस्टिंग का वर्ष रहा है और हमने सकारात्मक बने रहने की कोशिश की है। हालांकि इस वर्ष ने सभी को मुश्किल समय दिया। हमने लॉकडाउन के दौरान बहुत सारी गतिविधियां कीं और परिवार का समय मिला। अब हम सभी काम पर वापस आने की कोशिश कर रहे हैं। मुग्धा ने 2008 में फैशन के साथ अभिनय की शुरुआत की और जेल, हीरोइन और ऑल द बेस्ट : फन बिगिन्स जैसी फिल्में की।

## तब्बू ने शुरू की भूल भुलैया 2 की शूटिंग, कार्तिक आर्यन ने किया जबरदस्त स्वागत

तब्बू बॉलीवुड की उन अभिनेत्रियों के लिस्ट में आती हैं जिनकी शानदार अदाकारी की लोग तारीफ करते हैं। अदाकारा तब्बू आज 40



बार हो गई है लेकिन इसके बावजूद भी वो फिल्मों में अहम रोल निभाती नजर आते हैं। अब अभिनेत्री तब्बू आने वाले दिनों में कई फिल्मों में नजर आने वाली है। जिसमे उनकी फिल्म भूल भुलैया 2 भी शामिल है। इस फिल्म की शूटिंग अभिनेत्री ने शुरू कर दी है। अभिनेत्री तब्बू ने फिल्म की स्टारकास्ट को ज्वाइन किया है। भूल भुलैया 2 में नजर आने वाले अभिनेता कार्तिक आर्यन ने अभिनेत्री का बेहद खास अंदाज में स्वागत किया है। तब्बू की एक तस्वीर शेयर करते हुए अभिनेता कार्तिक आर्यन ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर किया है। जिसमे उन्होंने अभिनेत्रीकी तस्वीर शेयर की और कैप्शन में लिखा कि, तब्बू जी वापसी पर स्वागत है लेकिन उन्होंने बाहर आने से मना कर दिया है वह सूट के लिए खुद का पोर्टेबल जेड प्लस प्लस बायो बबल लेकर आई है। इस तस्वीर की अगर हम बात करें तो इसमे कार्तिक आर्यन के साथ कियारा आडवाणी निर्देशक अनीस बज्मी और तब्बू नजर आ रहे हैं। अभिनेत्री तब्बू एक पारदर्शी चेंबर के अंदर बैठी हुई नजर आ रही हैं। अभिनेता का यह मजाकिया अंदाज सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। अगर हम बात करें फिर भूल भुलैया 2 की तो ये इसी साल 19 नवंबर को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म भूल भुलैया 2 भी उन फिल्मों में शामिल है। जिसकी शूटिंग शो रियल कोरोना वायरस महामारी की वजह से प्रभावित हुई थी।

## राजकुमार राव के ट्रासफॉर्मेश ने उड़ा दिए हर किसी के होश



बॉलीवुड के दमदार कलाकारों में से एक राजकुमार राव अपनी फिल्मों को लेकर हमेशा चर्चा में रहते है। वही राजकुमार अपनी हर फिल्म के साथ अपने लुक में काफी बदलाव करते हुए नज़र आते है। उनके लुक को काफी पसंद भी किया करते है। हाल ही में रिलीज फिल्म रूखी में राजकुमार एक अलग अंदाज़ में नज़र आ रहे है। वही इन दिनों राजकुमार अपनी अपकमिंग फिल्म बधाई दो की तैयारियों में लगे हुए है। इस फिल्म को लेकर काफी जबरदस्त बज बना हुआ है। इस फिल्म में राजकुमार राव एक पुलिस वाले के किरदार में नज़र आने वाले है। जिसके चलते उनकी मुछो को लेकर काफी चर्चा सामने आ रही है। वही इस फिल्म के लिए राजकुमार काफी पसीना भी बढ़ा रहे है।

# 'एनएच10', 'बुलबुल', 'पाताल लोक' के बिना खुद की कल्पना नहीं कर सकती : अनुष्का शर्मा



अभिनेत्री अनुष्का शर्मा का कहना है कि आज वह अपने प्रोडक्शन की फिल्में 'एनएच10', 'परी', 'फिल्लौरी', 'बुलबुल', 'पाताल लोक' के बगैर खुद की कल्पना भी नहीं कर सकतीं। उन्होंने कहा, मुझसे कहा गया था कि मुझे अपने एक्टिंग करियर पर ही ध्यान केंद्रित करना चाहिए और प्रोडक्शन के क्षेत्र में जाकर मन को भटकाना नहीं चाहिए। आज मैं 'एनएच10', 'परी', 'फिल्लौरी', 'बुलबुल', 'पाताल लोक' और अपने कुछ अपकमिंग प्रोजेक्ट्स के बगैर खुद की कल्पना भी नहीं कर सकती। उन्होंने कहा, प्रोड्यूसर के रूप में मेरा सफर 'एनएच10' के साथ शुरू हुई थी और यह आगाज किसी धमाके की तरह था। मैं इतना ही बता सकती हूं कि बतौर प्रोड्यूसर मुझे कुछ भी पता नहीं था। उसने कहा, ये मेरा सौभाग्य है कि दर्शकों को क्लटर-ब्रेकिंग कंटेंट देने के मेरे विजन और पैशन को साझा करने वाला मेरा भाई कर्णेश (शर्मा) मेरे साथ था। मेरे दिमाग में ढेर सारे सपनों का बसेरा था और मेरे भाई ने वाकई मेरा सपोर्ट किया और कंटेंट से जुड़ी अपनी सशक्त संवेदनाएं सामने लेकर आए। हम एक कमाल की टीम थे और अब भी हैं। अनुष्का ने जब यह कदम उठाने का फैसला किया था, उस समय वह सिर्फ 25 साल की थीं। उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि 25 साल की उम्र में मैंने बाजी अपने हाथ में ले ली थी और शायद मैंने इंडस्ट्री में एक महिला प्रोड्यूसर होने को लेकर छिड़ने वाली चर्चा का रुख बदल दिया है। अब कहा जाता है कि मैं हमेशा लीक से हटकर फिल्में बनाती हूं। इसे मैं अपना सौभाग्य मानती हूं। उसने कहा, अभिनेत्रियों के पक्ष में चीजों को हिला कर रख देने के लिए एनएच10 एक जरूरी और अहम फिल्म थी। एनएच10 ने दिखा दिया कि कोई महिला सर्वाइव करने के लिए, अपने दम पर खड़ा होने के लिए किस कदर संघर्ष कर सकती है।

# सलामन ने किया फिल्म राधे की रिलीज डेट का ऐलान, जॉन अब्राहम के साथ होगी टक्कर

जब-जब बॉक्स ऑफिस पर दो बड़े अभिनेताओं की फिल्में रिलीज की गई है। तब तब एक बड़ा टकराव देखने को मिला है। ऐसे में किसी एक फिल्म को जबरदस्त नुकसान भी झेलने पड़ता है। अब आने वाले दिनों में दो बड़ी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर टकराने वाली हैं। वो कोई और नहीं बल्कि सलमान खान की फिल्म राधेः योर मोस्ट वांटेड भाई और जॉन अब्राहम की फिल्म सत्यमेव जयते 2 शामिल है। आज कुछ समय पहले ही सलमान खान ने अपनी फिल्म राधेः योर मोस्ट वांटेड भाई की रिलीज डेट का ऐलान किया है। ये फिल्म ईद के मौके पर रिलीज होने वाली है। इसी के साथ सलमान खान ने अपने चाहने वालों से किया



हुआ वादा भी पूरा कर लिया है। सलमान खान ने फिल्म की रिलीज का ऐलान करते हुए नया पोस्टर भी रिलीज किया और बताया कि फिल्म 13 मई को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज होने वाली है। आज से ठीक 2 महीने बाद सलमान खान की फिल्म रिलीज होगी। बता दें कि सलमान खान की एक्शन एंटरटेनमेंट फिल्म के साथ ही जॉन अब्राहम की मशहूर एक्शन फिल्म सत्यमेव जयते 2 भी रिलीज होने वाली है।

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि जॉन अब्राहम की फिल्म सत्यमेव जयते 14 मई को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। तो ऐसे में जाहिर है कि दोनों फिल्मों के बीच जबरदस्त बॉक्स ऑफिस पर क्लैश देखने को मिलेगा। फिल्म सत्यमेव जयते की रिलीज का ऐलान मेकर्स ने काफी समय पहले ही कर दिया था। हालांकि अब राधे और सत्यमेव जयते दोनों में जबरदस्त टकराव देखने को मिलेगा।

## महिलाओं में निहित शक्ति प्रतिनिधित्व की धारणा बदल सकती है : रानी मुखर्जी



अभिनेत्री रानी मुखर्जी का कहना है कि महिलाओं में जो शक्ति है, उससे हम फिल्म निर्माण के हर पहलू का प्रतिनिधित्व करने की धारणा को बदल सकते हैं। रानी ने कहा कि यदि महिलाएं एक-दूसरे की सफलता का जश्न मनाएं, तो उन्हें और अधिक सुना जाएगा। रानी ने कहा, हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में मेरी अब तक की यात्रा में मैंने महसूस किया है कि महिलाओं में जो शक्ति है, वह उस धारणा को बदल सकती है कि फिल्म निर्माण के हर पहलू में प्रतिनिधित्व कैसे किया जाए। हमें एक-दूसरे का समर्थन करना है, एक-दूसरे के लिए सशक्त बनाना है, ताकि उन लोगों के लिए रास्ता आसान हो सके जो पुरुषों द्वारा संचालित इस इंडस्ट्री में अपना एक नाम बनाना चाहती हैं। इसके लिए हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हम एक-दूसरे की सफलताओं का जश्न मनाएं। रानी खुद को सौभाग्यशाली मानती हैं कि उन्हें जीवन में शानदार चरित्रों को निभाने का मौका मिला। वह कहती हैं, मैं खुशनसीब हूं कि मुझे एक कलाकार के तौर पर शानदार आत्मनिर्भर महिलाओं की भूमिका निभाने का मौका मिला। मेरी तरह, पीढ़ी दर पीढ़ी कई अभिनेत्रियों ने ऐसा करके इस चीज को बदलने की कोशिश की है कि पर्दे पर महिलाओं को कैसे चित्रित किया जाए। अब से पहले रानी की दो फिल्में हिचकी और मर्दानी 2 थीं।

# पिंक ड्रेस में जाह्नवी कपूर ने करवाया फोटोशूट, हॉट अंदाज देख फैंस हुए घायल



बॉलीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर इन दिनों एक के बाद एक अपना लेटेस्ट फोटोशूट करवा रही है। जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। हाल ही में उन्होंने पिंक ड्रेस में फोटोशूट कराया। दरअसल, यह पिंक ड्रेस पहनकर उन्हें मुंबई के एक थिएटर के बाहर स्पॉट किया गया था। इन तस्वीरों में जाह्नवी कपूर ने न्यूड मेकअप किया हुआ है। इसके साथ ही ग्रीन कलर की हील्स कैरी की हुई हैं। जाह्नवी फिल्म इंडस्ट्री की उन एक्ट्रेसेस में से हैं जो अपने हॉट लुक के चलते फैन्स के बीच छाई रहती हैं। फैशन को लेकर उनकी चॉइस किसी प्रो फैशनिस्टा से कम नहीं होती है। जाह्नवी कपूर भले ही इंडस्ट्री में न्यू हों, लेकिन फैशन के मामले में वह हमेशा ही छाई रहती हैं। जाह्नवी ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकांउट पर कुछ हॉट एंड बोल्ड तस्वीरें शेयर की थीं। इन तस्वीरों में वह खुलकर अपना बैक फ्लॉन्ट करती नजर आई थीं। जाह्नवी कपूर की फिल्म 'रूही' रिलीज होने के लिए तैयार है। इस फिल्म में जाह्नवी कपूर के अलावा वरुण शर्मा और राजकुमार राव भी नजर आने वाले है।

# बचना हैं इन 5 बीमारियों से तो आज ही बदल लें सोडा पीने की लत



सोडा में बहुत सारी कैलोरी होती हैं और इससे मोटापा बढ़ता है। ये बात हम अकसर सुनते और पढ़ते रहते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि सोडाके सेवन से और भी कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याएं होती हैं। सोड़ा के स्वास्थ्य के जोखमों की बढ़ती सूची में लड़कियों में यौवन जल्दी आना नवीनतम समस्या है। मीठे सोडा युक्त पेय के कुछ और भी नुकसान हैं जो ये बताते हैं कि आपको आज ही सोडा पीने की लत से छुटकारा पा लेना चाहिए......

### 1. वज़न बढ़ता है

वयस्कों और बच्चों पर हुए अध्ययन से पता चला है कि जो लोग मीठे पेय (सोडा सहित) का सेवन बढ़ते हैं, उन लोगों में तेजी से वज़न बढ़ने लगता है।

### 2. टाइप 2 डायबिटीज़ का खतरा

साल 2010 में हुए एक अनुसंधान की समीक्षा के अनुसार, मीठे पेय पदार्थ का सेवन करने वाले लोगों में इनका सेवन न करने वाले लोगों की तुलना में टाइप 2 डायबिटीज़ होने का जोखिम 26 प्रतिशत तक बढ़ जाता है।

### 3. उच्च रक्तचाप

शोध बताते हैं कि नियमित रूप से मीठा सोडा पीने वाले लोग अधिक उच्च रक्तचाप विकसित होने की संभावना ज्यादा होती है। शोध के अनुसार सोडा को छोड़ने से रक्तचाप को कम किया जा सकता है।

### 4. हृदय संबंधी रोग

हार्वर्ड विश्वविद्यालय के एक अध्ययन में पाया गया कि जो पुरुष व महिलाएं रोज़ाना एक शुगर युक्त सोड़ाड्रिंक पीते हैं, उनमें शुगर युक्त सोडा ड्रिंक न पीने वालों की तुलना में हार्ट अटैक होने का जोखिम 20 प्रतिशत अधिक होता है।

### 5. कुछ प्रकार के कैंसर

एक अध्ययन में पाया गया कि रजोनिवृत्त से पहले जो महिलाएं अधिक शुगर युक्त सोडा आदि का सेवन करती हैं, उनमें शुगर युक्त सोडा का सेवन ना करने वाली महिलाओं की तुलना में अंतर्गर्भाशयकला कैंसर का जोखिम 78 प्रतिशत तक अधिक होता है। वहीं रोज़ाना एक कैन सोडा ड्रिंक पीने वाले पुरुषों में प्रोस्टेट कैंसर का खतरा 38 प्रतिशत तक बढ़ा जाता है।



## चश्मे की जगह कॉन्टेक्ट लेंस का प्रयोग करते हैं, तो जरूर बरते ये सावधानियां

अगर आपकी नजर कमजोर है और आप नजर के चश्मे की जगह कॉन्टेक्ट लेंस का प्रयोग करते हैं, तो आपको कुछ सावधानियां रखने की आवश्यकता है। जानिए 5 बातें, जिन्हें जानना आपके लिए जरूरी है.....

1. कॉन्टेक्ट लेंस लगाने के पहले अपने हाथों को साबुन से अच्छी तरह धो लें ताकि हाथ में किसी प्रकार की गंदगी न रहे। अन्यथा यह आपकी आंखों में समस्या पैदा कर सकती है।
2. हाथों को पोंछने के लिए रोंएदाय तौलिए का इस्तेमाल बिल्कुल न करें। एक भी सूक्ष्म रोंया आंखों में जाने पर आपके लिए बड़ी समस्या खड़ी कर सकता है।
3. कॉन्टेक्ट लेंस हमेशा साथ और स्वस्थ्य आंखों में ही लगाना चाहिए, अन्यथा यह खुजली, जलन, इंफेक्शन और लालिमा का कारण बन सकता है।
4. किसी भी तरह के स्प्रे का प्रयोग करते वक्त आंखों को बंद रखें।

## यूक्रेन संकट टला!

यूक्रेन-रूस के बीच चल रहे संघर्ष के बीच फिलहाल राहत भरी खबर है। कहा जा रहा है कि रूस ने क्रीमिया में अपने सैन्य अभ्यास की समाप्ति की घोषणा कर दी है। इसके बाद सैनिक भी वहां से वापस लौट रहे हैं। इसे यूक्रेन के लिए राहत के संकेत समझे जा रहे हैं। दरअसल, एक दिन पहले मंगलवार को पुतिन ने युद्ध की संभावना से इंकार कर दिया था। रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि वह युद्ध नहीं चाहते हैं और ऐसे में बातचीत का प्रस्ताव पेश किया है लेकिन अब तक रूस के प्रस्ताव पर कोई ठोस जवाब नहीं मिला है। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा है रूस ने भले ही कुछ सैनिक वापस लिए हो लेकर मॉस्को अब भी कीव पर हमला कर सकता है। हालांकि व्लादिमीर पुतिन ने लगातार यूक्रेन पर हमला करने से इनकार किया है। अमेरिका सहित कई पश्चिमी देशों के अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि रूस यूक्रेन पर कभी भी हमला कर सकता है। पिछले कुछ दिनों से पश्चिमी देशों और रूस के राजनयिकों ने कई बार यूक्रेन को लेकर मुलाकात की है लेकिन किसी भी समझौते पर नहीं पहुंचा जा सका है। इसलिए पुतिन की बातों पर आंख बंद कर भरोसा नहीं किया जा सकता। गौरतलब है कि यूक्रेन को घेरने के लिए रूस ने जबरदस्त व्यूह रचना की थी। इसमें क्रीमिय भी शामिल था। मेक्सार टेक्नोलॉजी ने 48 घंटे पहले की सैटेलाइट तस्वीरें साझा की थीं। इनमें बेलारूस, क्रीमिया व पश्चिमी रूस में सेना की व्यूह रचना साफ नजर आ रही थी। तस्वीरों में सैनिकों की कई और बटालियनों, हेलीकॉप्टरों व बमवर्षक विमानों को साफ देखा जा सकता था। इन्हें अग्रिम मोर्चों पर तैनात किया गया था। जिन इलाकों में रूस ने अपनी सैन्य तैनाती बढ़ाई थी, वे ज्यादातर यूक्रेन के उत्तर और उत्तर-पूर्व में स्थित हैं। इसमें यूक्रेन के दक्षिण पूर्व और क्रीमिया में एक बड़ा एयरबेस भी शामिल था। इस पर 2014 में रूस ने कब्जा कर लिया था। हालात की गंभीरता इसी से पता चलती है कि अमेरिका ने भी यूक्रेन का साथ देने के लिए अपने सैनिक भेज दिए थे। यूक्रेन संकट को लेकर पिछले कुछ दिनों में रूस और अमेरिका के बीच जैसी धमकियों और चेतावनी भरी बयानबाजी सुनने-देखने को मिलीं, वह गंभीर खतरे की ओर इशारा कर रही हैं। अब से पहले ऐसा नहीं देखा गया था जब यूक्रेन को लेकर रूस ने इस तरह के आक्रामक तेवर दिखाए हों और नाटो व अमेरिका भी मैदान में आ गया हो। पर अब यह क्षेत्र दुनिया के लिए नए खतरे का अखाड़ा बन गया। दरअसल, यूक्रेन नहीं चाहता कि हजारों मील दूर स्थित अमेरिका इस विवाद में कूदे। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदयमयर जेलेंस्की तो इस मुद्दे पर अमेरिका को आड़े हाथों ले भी चुके हैं। उन्होंने साफ कहा कि अमेरिका रूस के हमले का डर दिखा कर यूक्रेन की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचा रहा है। इससे यह तो स्पष्ट है कि यूक्रेन अमेरिका की मदद या सहानुभूति नहीं चाहता। वह समझ रहा है कि मदद की आड़ में अमेरिका यहां भी उसी तरह पैर जमा लेगा जैसे अफगानिस्तान और दुनिया में दूसरी जगह करता आया है। हालांकि रूस भी यूक्रेन पर हमला नहीं करने की बात कह रहा है। जहां तक सवाल है यूक्रेन के नाटो में शामिल होने का, तो इसका फैसला करने का अधिकार यूक्रेन को ही है। रूस उसे नाटो में जाने नहीं देना चाहता और अमेरिका व नाटो देश उसे यूरोपीय संघ में शामिल करना चाहते हैं। सबके अपने हित हैं। पर यह नहीं भूलना चाहिए कि ऐसे हितों की कीमत सिर्फ निर्दोष नागरिकों को चुकानी पड़ती है। लड़ाई में बेगुनाह मारे जाते हैं और लाखों शरणार्थी बन जाते हैं। इसलिए बेहतर है कि महाशक्तियां अपने हित के लिए युद्ध से बाज आएं।

## महान साधक थे रामकृष्ण परमहंस

**रमेश सर्राफ धमोरा**

स्वामी रामकृष्ण परमहंस भारत के एक ऐसे महान संत एवं विचारक थे जिन्होंने सभी धर्मों की एकता पर जोर दिया था। उन्हें बचपन से ही विश्वास था कि ईश्वर के दर्शन हो सकते हैं। ईश्वर की प्राप्ति के लिए उन्होंने कठोर साधना और भक्ति की। अपनी साधना से रामकृष्ण इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि संसार के सभी धर्म सच्चे हैं और उनमें कोई भिन्नता नहीं है। वे ईश्वर तक पहुंचने के भिन्न-भिन्न साधन मात्र हैं। श्री रामकृष्ण परमहंस अपने समय के महान साधक व मानवता के पुजारी थे। इनका जन्म पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में कामारपुकुर नामक गांव में 18 फरवरी 1836 को एक निर्धन निष्ठावान ब्राहमण परिवार में हुआ था। इनके जन्म पर ही प्रसिद्ध ज्योतिषियों ने रामकृष्ण के महान भविष्य की घोषणा कर दी थी। ज्योतिषियों की भविष्यवाणी सुन इनकी माता चन्द्रा देवी तथा पिता क्षुदिराम अत्यन्त प्रसन्न हुए। इनको बचपन में गदाधर नाम से पुकारा जाता था।

पांच वर्ष की उम्र में ही वो अदभुत प्रतिभा और स्मरणशक्ति का परिचय देने लगे। अपने पूर्वजों के नाम व देवी-देवताओं की स्तुतियां, रामायण, महाभारत की कथायें इन्हे कंठस्थ याद हो गई थी। 1843 में इनके पिता का देहांत हो गया तो परिवार का पूरा भार इनके बड़े भाई रामकुमार पर आ पड़ा था। रामकृष्ण जब नौ वर्ष के हुए इनके यज्ञोपवीत संस्कार का समय निकट आया। उस समय एक विचित्र घटना हुई। ब्राह्मण परिवार की यह परम्परा प्रथा थी कि नवदिक्षित को इस संस्कार के पश्चात अपने किसी सम्बंधी या किसी ब्राह्मण से पहली शिक्षा प्राप्त करनी होती थी। एक लुहारिन जिसने रामकृष्ण की जन्म से ही परिचर्या की थी। बहुत पहले ही उनसे प्रार्थना कर रखी थी कि वह अपनी पहली भिक्षा उसके पास से प्राप्त करे। लुहारिन के सच्चे प्रेम से प्रेरित हो बालक रामकृष्ण ने वचन दे दिया था।

अतः यज्ञोपवीत के पश्चात घर वालों के लगातार विरोध के बावजूद इन्होने ब्राह्मण परिवार में प्रचलित प्रथा का उल्लंघन कर अपना वचन पूरा किया और अपनी पहली भिक्षा उस शुद्र स्त्री से प्राप्त की। यह घटना सामान्य नही थी। सत्य के प्रति प्रेम तथा इतनी कम उम्र में सामाजिक प्रथा के इस प्रकार उपर उठ जाना रामकृष्ण की आध्यात्मिक क्षमता और दूरदर्शिता को ही प्रकट करता है।

रामकृष्ण का मन पढ़ाई में न लगता देख इनके बड़े भाई इन्हे अपने साथ कलकत्ता ले आये और अपने पास दक्षिणेश्वर में रख लिया। यहां का शांत एवं सुरम्य वातावरण रामकृष्ण को अपने अनुकूल लगा। 1858 में इनका विवाह शारदा देवी नामक पांच वर्षीय कन्या के साथ सम्पन्न हुआ। जब शारदा देवी ने अपने अठारहवें वर्ष मे पदार्पण किया तब श्री रामकृष्ण ने दक्षिणेश्वर के पुण्यपीठ के अपने कमरे में उनकी षोड़शी देवी के रुप में यथोपचार आराधना की। यही शारदा देवी रामकृष्ण संघ में माताजी के नाम से परिचित हैं।

रामकृष्ण के जीवन में अनेक गुरु आये पर अन्तिम गुरुओं का उनके जीवन पर बहुत प्रभाव पड़ा। एक थी भैरवी जिन्होने उन्हे अपने कापालिक तंत्र की साधना करायी और दूसरे थे श्री तोतापुरी उनके अन्तिम गुरु। गंगा के तट पर दक्षिणेश्वर के प्रसिद्ध मंदिर में रहकर रामकृष्ण मां काली की पूजा किया करते थे। गंगा नदी के दूसरे किनारे रहने वाली भैरवी को अनुभुति हुई कि एक महान संस्कारी व्यक्ति रामकृष्ण को उसकी दीक्षा की आवश्यकता हैं। गंगा पार कर वो रामकृष्ण के पास आयी तथा उन्हे कापालिक दीक्षा लेने को कहा। रामकृष्ण ने भैरवी से दीक्षा ग्रहण की। भैरवी द्वारा बतायी पद्धति से वो लगातार साधना करते रहे तथा मात्र तीन दिनों में ही सम्पूर्ण क्रिया में निपुण हो गये।

रामकृष्ण के अन्तिम गुरु तोतापुरी थे जो सिद्ध तांत्रिक तथा हठ योगी थे। वे रामकृष्ण के पास आये तथा उन्हे दीक्षा दी। रामकृष्ण को दीक्षा दी गई परमशिव के निराकार रुप के साथ पूर्ण संयोग की। पर आजीवन तो उन्होने मां काली की आराधना की थी। वे जब भी ध्यान करते तो मां काली उनके ध्यान में आ जाती और वे भावविभोर हो जाते। निराकार का ध्यान उनसे नहीं हो पाता था।



तोतापुरी ध्यान सिद्ध योगी थे। वे समस्या जान गये कुछ दिनों बाद उन्होने रामकृष्ण को अपने पास बिठाकर साधना करायी। तोतापुरी को अनुभव हुआ कि रामकृष्ण के ध्यान में मां काली प्रतिष्ठित हैं। उन्होने शक्ति सम्पात के द्वारा रामकृष्ण को निराकार ध्यान में प्रतिष्ठित करने के लिये बगल में पड़े एक शीशे के टुकड़े को उठाया और उसका रामकृष्ण के आज्ञाचक्र पर आघात किया जिससे रामकृष्ण को अनुभव हुआ कि उनके ध्यान की मां काली चूर्ण-विचूर्ण हो गई हैं और वे निराकार परमशिव में पूरी तरह समाहित हो चुके हैं। वे समाधिस्थ हो गये। ये उनकी पहली समाधी थी जो तीन दिन चली। तोतापुरी ने रामकृष्ण की समाधी टूटने पर कहा। मैं पिछले 40 वर्षो से समाधि पर बैठा हूं पर इतनी लम्बी समाधी मुझे कभी नही लगी।

रामकृष्ण परमहंस का जीवन और व्यक्तित्व रहस्यमयी रहा। उनकी जीवन-शैली और उनका व्यवहार अच्छे-अच्छों की भी समझ से बाहर का था। इतना अजीब था कि ज्यादातर लोग उन्हें पागल तक समझते थे। कुछ ने तो उनके दिमाग का इलाज कराने तक की कोशिश की। लेकिन ढाका के एक मानसिक चिकित्सक ने उनकी युवावस्था में ही एक बार कहा था कि असल में यह आदमी एक महान योगी और तपस्वी है। जिसे दुनिया अभी समझ नहीं पा रही है। और किसी चिकित्सकीय ज्ञान से उसका इलाज नहीं किया जा सकता है।

रामकृष्ण परमहंस के पास जो कोई भी जाता वह उनकी सरलता, निश्छलता, भोलेपन और त्याग से इतना अभिभूत हो जाता कि अपना सारा पांडित्य भूलकर उनके पैरों पर गिर पड़ता था। गहन से गहन दार्शनिक सवालों के जवाब भी वे अपनी सरल भाषा में इस तरह देते कि सुनने वाला तत्काल ही उनका मुरीद हो जाता। इसलिए दुनियाभर की तमाम आधुनिक विद्या, विज्ञान और दर्शनशास्त्र पढ़े महान लोग भी जब दक्षिणेश्वर के इस निरक्षर परमहंस के पास आते, तो अपनी सारी विद्वता भूलकर उसे अपना गुरु मान लेते थे। इनके प्रमुख शिष्यों में स्वामी विवेकानन्द, दुर्गाचरण नाग, स्वामी अद्भुतानंद, स्वामी ब्रह्मानंदन, स्वामी अद्यतानन्द, स्वामी शिवानन्द, स्वामी प्रेमानन्द, स्वामी योगानन्द थे। श्री रामकृष्ण के जीवन के अन्तिम वर्ष कारुण रस से भरे थे। 16 अगस्त, 1886 सोमवार ब्रह्ममुहूर्त में अपने भक्तों और स्नेहितों को दुख के सागर में डुबाकर वे इस लोक में महाप्रयाण कर गये। रामकृष्ण परमहंस महान योगी, उच्चकोटि के साधक व विचारक थे। सेवा पथ को ईश्वरीय, प्रशस्त मानकर अनेकता में एकता का दर्शन करते थे। सेवा से समाज की सुरक्षा चाहते थे। रामकृष्ण का सारा जीवन अध्यात्म-साधना के प्रयोगों में बीता। वे लगातार कई घंटों तक समाधि में लीन हो जाते थे। चैबीस घंटे में बीस-बीस घंटों तक वे उनसे मिलनेवाले लोगों का दुख-दर्द सुनते और उसका समाधान भी बताते। रामकृष्ण परमहंस के भोले प्रयोगवाद में वेदांत, इस्लाम और ईसाइयत सब एकरूप हो गए थे। निरक्षर और पागल तक कहे जाने वाले रामकृष्ण परमहंस ने अपने जीवन से दिखाया था कि धर्म किसी मंदिर, गिरजा, विचारधारा, ग्रंथ या पंथ का बंधक नहीं है। रामकृष्ण परमहंस मुख्यतः आध्यात्मिक आंदोलन के प्रणेता थे। जिन्होंने देश में राष्ट्रवाद की भावना को आगे बढ़ाया। उनकी शिक्षा जातिवाद एवं धार्मिक पक्षपात को नकारती हैं। रामकृष्ण ने इस्लाम, बोद्ध, ईसाई, सिख धर्मो की बकायदा विधिवतरुप से शिक्षा ग्रहण कर साधनायें की थी। ब्रह्म समाज के सर्वश्रेष्ठ नेता केशवचंद्र सेन, पंडित ईश्वरचंद विद्यासागर, वंकिमचंद्र चटर्जी, माइकेल मधुसूदन दत्त, कृष्णदास पाल, अश्विनी कुमार दत्त से रामकृष्ण घनिष्ठ रुप से परिचित थे।

## प्रभु भक्ति में बीते समय

यह भौतिक जगत प्रकृति के गुणों के चमत्कार के अन्तर्गत कार्य कर रहा है। मनुष्य को चाहिए कि वह अपनी चेतना कृष्ण कार्य में लगाए। कृष्णकार्य भक्तियोग के नाम से विख्यात हैं। इसमें न केवल कृष्ण अपितु उनके विभिन्न पूर्णाश भी सम्मिलित हैं- यथा राम तथा नारायण। कृष्ण के असंख्य अंश हैं, जो उनके किसी भी रूप या पूर्णाश की सेवा में प्रवृत्त होता है, उसे दिव्य पद पर स्थित समझना चाहिए। कृष्ण के सारे रूप पूर्णतया दिव्य और सच्चिदानन्द स्वरूप हैं। ईश्वर के ऐसे रूप सर्वशक्तिमान तथा सर्वज्ञ होते हैं और उनमें समस्त दिव्यगुण पाये जाते हैं। अत~ यदि कोई कृष्ण या उनके पूर्णाशों की सेवा में दृढ़संकल्प के साथ प्रवृत्त हो तो (यद्यपि प्रकृति के गुण जीत पाना कठिन है) वह उन्हें सरलता से जीत सकता है। कृष्ण की शरण ग्रहण करने पर प्रकृति के गुणों का प्रभाव लांघा जा सकता है। कृष्णभावनामृत या कृष्ण-भक्ति में होने का अर्थ है, कृष्ण के साथ समानता प्राप्त करना। भगवान कहते हैं कि उनकी प्रकृति सच्चिदानन्द स्वरूप है और सारे जीव परम के अंश हैं। जीव अपनी आध्यात्मिक स्थिति में स्वर्ण के समान या कृष्ण के समान गुण वाला होता है। किन्तु व्यष्टित्व का अन्तर बना रहता है अन्यथा भक्तियोग का प्रश्न ही नहीं उठता। भक्तियोग का अर्थ है कि भगवान और भक्त के बीच प्रेम का आदान-प्रदान चलता रहता है। अतएव भगवान में और भक्त में दो व्यक्तियों का व्यष्टित्व वर्तमान रहता है, अन्यथा भक्तियोग का कोई अर्थ नहीं है। यदि कोई भगवान जैसे दिव्य स्तर पर स्थित नहीं है, तो वह भगवान की सेवा नहीं कर सकता है। उदाहरणार्थ, राजा का निजी सहायक बनने के लिए कुछ योग्यताएं आवश्यक हैं। इस तरह भगवत्सेवा के लिए योग्यता है कि ब्रह्म बन भौतिक कल्मष से मुक्त हुआ जाय।

## प्रजातंत्र के चुनावी महायज्ञ में मतदाता आहूति अवश्य ही डाले भले ही वह नोटा हो- खबरी लाल

**विनोद तकिया वाला**

विश्व के सबसे प्राचीन लोकतंत्र भारत में संविधान द्वारा अपने नागरिक को मतदान का अधिकार दिया है।इन अधिकार का प्रयोग कर मतदाता अपने पसंद के अधिकारो कि रक्षा हेतु अपने जन प्रतिनिधि को अपने मतदान का प्रयोग कर संसद व विधान सभा में चुन कर भेजती है।लेकिन दुःख की बात यह है कि भारतीय राजनीतिक व्यवस्था में संसद व विधान मंडलों के चुनावों में शैक्षिक योग्यता का कोई प्रावधान ना होने के कारण पूर्ण रूपेण अशिक्षित व्यक्ति भी वहाँ पहुँच कर राज्य व राष्ट्र के निमार्ण में नीति र्निमाताओं व कानुन के श्रृजन मे अपना योगदान दे रहा है वही दुसरी ओर समाजिक व शासकीय व्यवस्था में किसी भी कर्मचारियो की नियुक्ति की प्रक्रिया में उनकी शैक्षिक योग्यता है।जिस की समय समय पर उसके पद के अनुसार निर्धारित कि जाती है।संविधान र्निमार्ण के समय डा0 राजेन्द्र प्रसाद ने योग्यता के विन्दू पर अपना मत व्यक्त करते हुए कहा था कि संसद में जन प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित हो कर राष्ट्र र्निमाण का कार्य करने वाल व्यक्ति भले ही शैक्षिक रूप सम्पन्न ना हो किन्तु वह निश्चित रूप से सचरित्र हो ,उस के चरित्र पर रांदेह ना हो , जिसे वह विना धर्म जाति आदि के मोह पाश में पडे % समाज व राष्ट्र निर्माण के हित में निर्णय ले सकें।उन्होंने शैक्षिक योग्यता की जगह जन प्रतिनिधि की आचरण व सचरित्र पर लोक तंत्र के लिए आधार माना था।किन्तु इन दिनों व्यवहार मे यह देखा जा रहा है कि पुरी तरह से इस संदर्भ में तस्वीर ही अलग है।सचरित्र व निष्टावान व्यक्ति चुनाव से अपने के दुर रखना पसंद करते है वही माफिया %गुडे अपराधिक प्रवृति के लोग जन प्रतिनिधि के रूप अपना साम्राज्य स्थापित कर लिया है।

आज सभी राजनीतिक दलों ने चुनाव में वाहु बली व माफियाओं को टिकट दे कर अपना पीट थपथपा रही है।भारतीय राजनीति के उपर संकट के काले कारनामों वाले जन प्रतिनिधि के रूप विधायी व्यवस्था में अपनी शक्ति का प्रयोग कर रही है। जिसे समाज के जागरूक नागरिकों द्वारा ऐसी जन प्रतिनिधियों को वापस बुलाने के लिए समय समय पर मांग उठती रहती है।जिस पर अभी तक कोई भी ठोस कदम नहीं उठाया गया है।हालाकि सन 2013 मे एक जन हित याचिका की सुनवाई के दौरान माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने चुनाव आयोग को निंदेश देते हुए कहा कि चुनाव आयोग को वोटिग मशीन में प्रत्यासियों के नाम एवं उनके चुनाव चिन्ह के साथ नोटा का विकल्प उपलब्ध कराने का दिया गया था ! नोटा ह्रश्वह्लद्ग श्द्ध ह्लद्धद्ग ड्डड्ढश्1द्ग शब्द का संक्षिप्त रूप है। जिसका हिंदी में अर्थ है इन में सें कोई नहीं ÷ द्ब सन 2013 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने पिपुल्स ऑफ सिविल लिबर्टीज की जन हित याचिका पर दिये गये फैसले के परिणाम स्वरूप ई वी एम मशीन में अन्तिम प्रत्याशी के नाम रूप में नोटा को सम्मलित किया गया।जिसका चुनाव चिन्ह के रूप में क्रॉस ई वी एम मशीन सबसे अन्तिम में अंकित किया गया।अब कोई भी मतदाता अपना मतदान कर ते समय अपनी पसंद व सुयोग्य प्रत्यासी नही होने पर नोटा के बटन दबाकर कर अपना मतदान कर सकता है।चुनाव आयोग की व्यवस्था के अनुसार नोटा को प्राप्त मत निर्णायक ना होकर निरस्त मतों की श्रेणी में रखें जाते है।फिर भी उसका अपना महत्व चुनाव परिणामों को करने में दिखाई पड़ते है।इस सम्बन्ध में पूर्व चुनाव आयुक्त टी एस कृष्णा मुर्ति ने यह सुझाव दिया है कि यदि चुनाव में हार जीत का अन्तर नोटा को प्राप्त मतों से कम है तो उस चुनाव को निरस्त कर पुनः चुनाव कराया जाना चाहिए ।

भारतीय लोकतंत्र के लिए महापर्व बर्ष है।सन 2022 के इस चुनावी कैलेंडर साल में 7 राज्यों की विधान सभाओं के चुनाव होने वाले है। फिलहाल चुनाव आयोग ने पाँच राज्यो के विधान सभा चुनावों के तारीखों की घोषणा करते ही उत्तरप्रदेश,उत्तराखंड,पंजाब,गोवा और मणिपुर विधानसभा के चुनावी प्रक्रिया चल रही है।सभी प्रमुख राजनीति दलों ने अपनी कमर कस ली तथा अपनी जीत के लिए शाम,दण्ड व भेद का इत्तमाल करने में कोई कसर नही छोड रही है।वहीं इसी साल के अंत में हिमाचल प्रदेश और गुजरात के विधान सभाओं के चुनाव कराए जाएंगे।आज भारतीय राजनीति मेंअहम भूमिका निभाने वाले उतर प्रदेश में प्रथम चरण मतदान 61 त्न से अधिक मतदाताओं ने अपने मतदान किया है।

## मतदान ने दिए सत्ता परिवर्तन के संकेत!

### सूडोकु नवताल- 5986

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 6 | | 1 | | 5 | | 2 |
| | 9 | | | 8 | | | | 3 |
| 1 | | | 6 | 9 | | 7 | | |
| | 3 | 8 | 2 | | 1 | | | |
| 2 | 7 | 5 | | | | 6 | 3 | 1 |
| | | | 5 | | 7 | 2 | 8 | |
| | | 9 | | 7 | 4 | | | 6 |
| 8 | | | | 2 | | | 5 | |
| 4 | | 2 | | 5 | | 9 | 1 | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -5985 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 5 | 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 7 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 8 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 1 | 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 7 | 3 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 1 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 |

**डॉ श्रीगोपाल नारसन एडवोकेट**

उत्तराखंड में 14 फरवरी को हुए मतदान पर गौर करे तो सबसे ज्यादा हरिद्वार जिले में 68.37 फीसदी और अल्मोड़ा जिले में सबसे कम 50.65 फीसदी हुआ। वहीं बागेश्वर में 57.83 फीसदी, चमोली में 59.28 फीसदी, चंपावत में 56.97 फीसदी, देहरादून में 52.93 फीसदी, नैनीताल में 63.12 फीसदी, पौड़ी गढ़वाल में 51.93 फीसदी, पिथौरागढ़ में 57.49 फीसदी, रुद्रप्रयाग में 60.36 फीसदी, टिहरी गढ़वाल में 52.66 फीसदी, उधम सिंह नगर में 65.13 फीसदी और उत्तरकाशी जिले में 65.55 फीसदी मतदान दर्ज किया है। उत्तराखंड की सभी 70 विधानसभा सीटों के लिए एक चरण में हुए मतदान में कुल 82,66,644 मतदाताओ ने 632 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला किया।जबकि गोवा में, 11,56,464 मतदाताओं ने राज्य की 40 सीटों के लिए 301 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला किया।उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में कुल 61.06 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक, उत्तरी गोवा में 79.45 फीसदी जबकि दक्षिण गोवा में 76.92 फीसदी मतदान हुआ है। उत्तर प्रदेश में, जहां नौ जिलों की 55 सीटों पर मतदान हुआ, सबसे अधिक मतदान सहारनपुर में 67.52 प्रतिशत और सबसे कम शाहजहांपुर में 55.20 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। यूपी के अमरोहा जिले में 66.15 फीसदी, बरेली में 58.82 फीसदी, बिजनौर में 62.11 फीसदी, बदायूं में



56.83 फीसदी, मुरादाबाद में 64.56 फीसदी, रामपुर में 62.31 फीसदी और संभल में 56.88 फीसदी मतदान दर्ज किया गया है।उत्तर प्रदेश में, नौ जिलों के 55 विधानसभा क्षेत्रों में लगभग 2.02 करोड़ मतदाताओ ने 586 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला किया।इन जिलों में सहारनपुर, बिजनौर, मुरादाबाद, संभल, रामपुर, अमरोहा, बदायूं, बरेली और शाहजहांपुर शामिल हैं।वही उत्तर प्रदेश में 58 सीटो के लिए 10 फ़रवरी को ही मतदान हो चुका है। मतदान के दिन उत्तराखंड में चुनाव आचार संहिता के 203 मुकदमें दर्ज किए गए । मुख्य निर्वाचन अधिकारी सौजन्या ने बताया कि इसमें मतदाताओं को प्रलोभन देने, अवैध रूप से चुनाव सामग्री का इस्तेमाल करने, वाहनों का अवैध रूप से चुनावी कार्यों के इस्तेमाल, कोविड प्रोटोकॉल का उल्लंघन के मुकदमें शामिल हैं। सौजन्या ने बताया कि मतदान से ठीक पहले प्राप्त सभी शिकायतों को आरओ को भेजा गया, जिसमें प्रारंभिक जांच और तथ्यों के आधार पर मुकदमें दर्ज किए गए हैं।

सड़क निर्माण न होने से नाराज केदारनाथ विधानसभा क्षेत्र के दो गांवों- जग्गी बगवान और चिलौंड के मतदाताओं ने उत्तराखंड में हुए मतदान का पूरी तरह बहिष्कार किया। चिलौंड गांव में 225 जबकि जग्गी बगवान गांव में 376 मतदाता हैं।टिहरी जिले में कई पोलिंग बूथों पर ईवीएम मशीन कम रोशनी में रखे जाने से बुजुर्गों को चुनाव चिन्ह देखने व मतदान करने में परेशानी हुई।पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि भाजपा ने शराब और नोट बांटने की कोशिश की थी, जिसकी उन्होंने चुनाव आयोग से शिकायत की है। हरीश रावत के मुताबिक उन्हें पता चला कि दिल्ली से 100 करोड़ रुपए उत्तराखंड आए थे।नरेंद्रनगर में वोट डालने जा रहे एक व्यक्ति की हार्ट अटैक पड़ने से मौत हो गई। कुमाली गांव निवासी 67 वर्षीय वीर सिंह तोपवाल मतदान करने के लिए चौंपा मतदान केंद्र पर जा रहा थे। वीर सिंह चौंपा मतदान केंद्र की सीढ़ी पर ही पहुंचे थे, कि उनके सीने में दर्द उठने लगा। साथ चल रहे परिजनों ने उन्हें कुछ देर वहीं सीढ़ी पर बैठाकर रखा, लेकिन उनका दर्द बढ़ता गया। सूचना पर 108 सेवा मौके पर पहुंची और उन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खाड़ी ले जाया गया। जहां से डॉक्टरों ने उन्हें हायर सेंटर श्रीदेव सुमन संयुक्त चिकित्सालय रेफर किया, लेकिन श्रीदेव सुमन चिकित्सालय पहुंचने पर डा. शिवानी रमोला ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। थौलधार ब्लाक के ग्राम भैंसकोटी की 102 वर्षीय बुजुर्ग महिला प्रेमावती सकलानी कंडी में बैठकर मतदान करने पहुंची।

## हिजाबः सिर्फ औरतें चेहरा क्यों छिपाएँ?

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

कर्नाटक के उच्च न्यायालय में हिजाब के मुद्दे पर अभी बहस जारी है लेकिन अंतरराष्ट्रीय इस्लामी सहयोग संगठन (ओआईसी) ने भारत के खिलाफ अपना बयान जारी कर दिया है। उसने पहले धारा 370 हटाने के विरोध में भी बयान जारी किया था। पाकिस्तान के मुल्ला-मौलवी और नेता भी एकतरफा बयान जारी करने में एक-दूसरे से आगे निकल रहे हैं। कर्नाटक की अदालत में हिजाब का पक्ष रखनेवाले वकील हिंदू हैं और वे जो तर्क दे रहे हैं, वे ऐसे हैं, जिन पर खुले दिमाग से विचार किया जाना चाहिए। उनका तर्क यह है कि जब हिंदू औरत के सिंदूर, बिंदी और चूड़ियों, सिखों की दाढ़ी-मूंछ और पगड़ी तथा ईसाइयों के क्रॉस पहनने पर कोई प्रतिबंध नहीं है तो मुस्लिम महिलाओं के बुर्के और हिजाब पर प्रतिबंध की क्या तुक है? क्या ऐसा करना पूर्णतः सांप्रदायिक कदम नहीं है? क्या यह इस्लाम और मुसलमानों पर सीधा आक्रमण नहीं है? हिजाब के बहाने यह मुस्लिम लड़कियों को शिक्षा से वंचित करने का कुप्रयास नहीं है? ये तर्क बहुत वाजिब दिखाई पड़ते हैं लेकिन अभी कर्नाटक में हिजाब के सवाल ने जैसा सांप्रदायिक और राजनीतिक रुप धारण कर लिया है, यदि हम उससे ज़रा अलग हटकर सोचें तो यह मूलतः नर-नारी समता का सवाल है! यदि हिजाब धार्मिक चिन्ह है तो इसे औरतों के साथ-साथ मर्द भी क्यों नहीं पहनते? आजकल औरत और मर्द- सभी मुखपट्टी (मास्क) पहनते हैं, वैसे ही वे हिजाब भी पहन सकते हैं। सिर्फ औरतें ही क्यों हिजाब पहनें? उनका गुनाह क्या है? और फिर मुस्लिम औरतों को ही यह सजा क्यों है ? हिंदू और ईसाई औरतें भी इसे क्यों नहीं पहनें? हिजाब, बुर्का, घूंघट, सिंदूर, बिंदी, चूड़ी, भगवान दुपट्टा आदि इनमें से किसी भी चीज को पहनने का आदेश किसी ईश्वर, अल्लाह या अहुरमज्द का नहीं है। ये सब परंपराएं मुनष्यों की बनाई हुई हैं और ये देश-काल के मुताबिक चलती हैं। हिजाब और बुर्के का औचित्य डेढ़ हजार साल पुराने अरब देश में बिल्कुल ठीक था लेकिन आज की दुनिया में इसका कोई महत्व नहीं रह गया है। यदि हिजाब और बुर्का इस्लाम का अनिवार्य अंग है तो क्या बेनज़ीर भुट्टो, मरियम नवाज शरीफ, शेख हसीना, काबुल की शहजादियां मुसलमान नहीं हैं? मैंने तो उन्हें कभी भी अपना चेहरा छिपाते हुए नहीं देखा! शरीर के गुप्तांग औरत और मर्द सभी ढकें, यह तो जरुरी है लेकिन चेहरे को छिपाए रखने की पीछे तर्क क्या है? चेहरा तो आपकी पहचान है। चेहरा तो वो ही छिपाता फिरता है, जो चोर, डाकू, तस्कर या अपराधी हो।

# उच्च श्रेणी लिपिक पर नगर पालिका अधिकारी मेहरबान, अकाउंट सहित चार अन्य शाखाओं का प्रभार




**अंबाह।** नगर पालिका में हर विभाग में अधिकारी अपनी मनमानी से पदस्थापना कर रहे हैं एक तरफ चाहे जिसे विभिन्न शाखाओं का प्रभार दिया जा रहा है तो दूसरी तरफ उन कर्मचारियों की मनमानी चरम सीमा पर है। नगर पालिका के अधिकारियों ने नियमों को ताक पर रखकर अकाउंट विभाग का प्रभार लगभग 1 वर्ष से तृतीय श्रेणी कर्मचारी मुंशी सिंह को दे रखा है, जबकि मुंशी सिंह ने इस पद के लिए होने वाली परीक्षा को भी पास नहीं किया है, इतना ही नहीं अफसरों की मेहरबानी के चलते मुंशी सिंह पर सामान्य शाखा, जल प्रदाय, स्टोर, निर्वाचन शाखा का भी कार्यभार है। एक साथ 5 शाखाओं का कार्य होने के कारण मुंशी सिंह ऑफिस में कम ही समय दे पाते हैं, जिसके चलते यहां विभिन्न कामों से पहुंचने वाले लोगों को परेशान होना पड़ता है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नगर पालिका में कई योग्य कर्मचारी ऐसे भी हैं जिन पर एक ही शाखा का प्रभार है। वहीं एक ही कर्मचारी पर पांच-पांच शाखाओं का प्रभार होने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नियम के अनुसार विषम परिस्थितियां होने पर 45 दिनों के लिए किसी को भी प्रभारी पद दिया जा सकता है लेकिन मुंशी सिंह लगभग 1 वर्ष से अधिक समय होने को आया, तब से अकाउंट का पद भार देख रहे हैं। ज्ञात रहे कि जनता के हितों के लिए जनता से सीधे जोड़कर जनता के कार्य करने वाला सबसे बड़ा उपक्रम नगरपालिका ही है, जिसमें हर एक अधिकारी कर्मचारी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती है किंतु अंबाह नगर पालिका में एक ही कर्मचारी को अतिरिक्त चार्ज देने के कारण एक तरफ जहां कर्मचारियों की मनमानी लोगों को झेलनी पड रही है, तो दूसरी तरफ उक्त कर्मचारी के ऑफिस में न बैठने के कारण आम जनता को संबंधित विभाग के कार्यो के लिए परेशान होना पड़ रहा है।

## प्रभारी कलेक्टर ने परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण

### -परीक्षा के दौरान एक नकल प्रकरण दर्ज

**मुरैना।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा 2022 के लिये हायर सेकेण्डरी की परीक्षा गुरूवार से प्रारंभ हुई। प्रथम दिन प्रभारी कलेक्टर एवं जिला पंचायत के सीईओ रोशन कुमार सिंह ने गुरूवार को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर



माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-1 मुरैना में चल रही परीक्षाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एक परीक्षार्थी नकल करते हुये पाया गया। मौके पर ही उस परीक्षार्थी का नकल प्रकरण दर्ज किया गया। प्रभारी कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने परीक्षा के दौरान सभी केन्द्राध्यक्षों को निर्देश दिये है कि किसी भी परीक्षा केन्द्र पर परीक्षार्थी नकल करते हुये पाये गये तो परीक्षार्थी का नकल प्रकरण बनेगा ही, साथ ही संबंधित केन्द्राध्यक्ष के खिलाफ भी परीक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही होगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा मंडल भोपाल के निर्देशों का पालन जिले के 80 परीक्षा केन्द्रों पर होना चाहिये। उन्होंने कहा कि परीक्षा भवन के आसपास किसी भी प्रकार की नकल की पर्चियां पाई गई तो संबंधित केन्द्राध्यक्ष एवं सहायक केन्द्राध्यक्ष के खिलाफ कार्यवाही होगी। माध्यमिक शिक्षा मण्डल की वर्ष 2022 की हायर सेकेण्डरी परीक्षा अंतर्गत विशिष्ट अंग्रेजी विषय की परीक्षा गुरूवार को सम्पन्न हुई, जिसमें 907 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिला शिक्षाधिकारी श्री सुभाष शर्मा ने बताया कि जिले में कुल 20 हजार 341 परीक्षार्थियों में से 19 हजार 434 परीक्षार्थी सम्मिलित हुये, जबकि 907 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाये गये, अम्बाह में 96, पोरसा में 251, मुरैना में 311, जौरा में 112, कैलारस में 63, पहाड़गढ़ में 2 और सबलगढ़ में 72 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि मुरैना में एक नकल प्रकरण दर्ज किया गया है।



## नशेड़ी पति से तंग मनीषा फांसी पर झूली

**मुरैना।** सिटी कोतवाली के अंतर्गत गणेशपुरा इलाके में गुरुवार की दोपहर एक युवती ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मौके का निरीक्षण कर लाश को ले जाकर पीएम कराया। पुलिस द्वारा फिलहाल मर्ग कायम कर लिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मनीषा पत्नी स्वामी प्रजापति 28 वर्ष निवासी कुम्हार गली ने गुरुवार की दोपहर 12:30 बजे घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जाता है कि मृतिका ने अपने पति को छोड़कर सोनू के साथ शादी कर ली। पुलिस ने बताया कि सोनू स्मैक का धंधा करता है और नशेड़ी है तथा आए दिन पत्नी के साथ झगड़ा होता रहता था, यही कारण आत्महत्या का बन सकता है। फिलहाल पुलिस ने पीएम कराकर लाश परिजनों को सौंप दी है और मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## वर्ष की प्रथम नेशनल लोक अदालत 12 मार्च को

**मुरैना।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा वर्ष 2022 में आयोजित की जाने वाली नेशनल लोक अदालत का कैलेण्डर अनुमोदित किया गया है। जिसके अनुसार वर्ष की प्रथम नेशनल लोक अदालत 12 मार्च को, द्वितीय 14 मई को, तृतीय 13 अगस्त, को तथा अंतिम 12 नवंबर 2022 को संपूर्ण देश के तहसील न्यायालय से लेकर उच्च न्यायालय तक आयोजित की जाएगी। नेशनल लोक अदालत में आपराधिक शमनीय मामलें, परक्राम्य अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत प्रकरण, बैंक रिकवरी संबंधी मामलें, एम.ए.सी.टी. प्रकरण (मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा प्रकरण), वैवाहिक प्रकरण, श्रम विवाद प्रकरण, भूमि अधिग्रहण के प्रकरण, विद्युत एवं जलकर बिल संबंधी प्रकरण (चोरी के मामलें को छोडकर), सेवा मामलें, सेवा निवृत्ति संबंधी लाभों से संबंधित प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा।

# आबकारी विभाग द्वारा शराब माफियाओं के विरुद्ध कार्रवाही में 10 पेटी अवैध शराब एवं 2 आरोपी गिरतार


**मुरैना।** प्रदेश सरकार के निर्देशन में जिला आबकारी अधिकारी सुश्री निधि जैन को मुखबिर से प्राप्त सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए आबकारी बल मुरैना द्वारा ए.बी.रोड मुरैना के होटल राज पैलेस के पास नाकाबंदी की। जिसमें धौलपुर की ओर से आती हुई हुंडई एसेंट सफेद रंग की कार क्रमांक एमएच-03-सीएच-0845 को रोककर चैक करने पर गाडी से देशी मदिरा मसाला पव रॉयल क्लासिक व्हिस्की राजस्थान की 10 पेटी जप्त कर आदित्य भूषण राव पुत्र शिवचरण लाल राव निवासी संजय कॉलोनी मुरैना को गिरफ्तार किया एवं आरोपी की निशानदेही पर शराब दिलाने में मुख्य भूमिका निभाने वाले सौरभ शर्मा निवासी बरखंडी रोड़ मुरैना को कोतवाली क्षेत्र के सामने से गिरतार कर आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) क 34 (2) के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है! गुरूवार को अलसुबह आरोपी आदित्य भूषण राव तैनात स्टाफ की कस्टडी से चकमा देकर भाग निकला, जिसकी तलाश जारी है। कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी विजय सेन, वृत प्रभारी मुरैना सुनील सेमर, राकेश मंडलोई, मुख्य आरक्षक कमलेश शर्मा, आरक्षक सौरभ मोर्य, धर्मेंद्र कौशल, आशाराम शर्मा, मुकेश माहौर की सराहनीय भूमिका रही है।



# जमीन विवाद पर चलाई गोलियां, दो गंभीर घायल



**मुरैना।** अंबाह थाना क्षेत्र के बिलावली गांव में गुरुवार की सुबह जमीन विवाद को लेकर एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर जमकर गोलियां चलाई, जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए ग्वालियर रैफर किया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है। पुलिस द्वारा फिलहाल हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया गया है, आरोपी अभी ज्ञात नहीं हो सके हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम हिंगावली निवासी रामतीरथ पुत्र गंगाराम शर्मा का अपने समाज के ही कुछ लोगों से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इसी पुराने विवाद के चलते गुरुवार की सुबह 9 से 10 के बीच ब्राह्मण समाज के ही लोगों ने राम तीरथ एवं उसके भाई रामवीर पर गोलियां चला दी, जिसमें एक की कमर में तो दूसरे के पैर में गोली लगी हैं। दोनों को प्राथमिक उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उन्हें ग्वालियर रैफर कर दिया गया है। पुलिस के अनुसार अभी घायलों की स्थिति नाजुक है। फिलहाल पुलिस ने अज्ञात लोगों के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है।



## मुख्य नगरपालिका अधिकारी सहित स्वच्छता दूत होने की नगर की साफ-सफाई

**अंबाह।** सफाई व्यवस्था के मामले में चर्चित मुख्य नगर पालिका अधिकारी राम निवास शर्मा शहर में लंबे समय से सफाई करते दिखाई दे रहे हैं। बता दें कि मुख्य नगरपालिका अधिकारी रामनिवास शर्मा, नगर पालिका के स्वच्छता दूत पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष उमेश जैन एवं डॉ सुधीर आचार्य ने संत रविदास जयंती के उपलक्ष्य में सात दिवस तक रोज विशेष सफाई अभियान चलाने का संकल्प लिया है। इसी कडी में गुरुवार को सफाई कर्मियों के साथ पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष उमेश जैन, सीएमओ रामनिवास शर्मा, डॉ सुधीर आचार्य ने किला बस्ती, किला रोड, सदर बाजार सहित अन्य इलाकों में स्वयं नाले एवं नालियों की सफाई की। इस दौरान उन्होंने नाले में उतरकर फावड़े से गंदगी बाहर निकाली। शहर को स्वच्छ रखने का संकल्प लेने वाले इन सभी लोगो ने स्वच्छता रैली के जरिए शहर के लोगों से अपील की, कि वह नाली और नाले में पॉलीथिन, कचरा आदि नहीं डाले। इसे वे नगर पालिका की गाडी में ही डालें। राम निवास शर्मा ने कहा है कि आप सभी की सहभागिता होगी तभी हमारा शहर स्वच्छता में नंबर 1 बनेगा।



# अधूरे नालों ने बढ़ाई समस्या, आए दिन जगह-जगह हो रहा जल भराव

**अंबाह।** नगर पालिका परिषद द्वारा जल निकासी के नाम पर जगह-जगह अधूरे नालों का निर्माण कराया गया है, जिसके चलते इन नालों में हर समय पानी भरा रहता है। इसके साथ ही आसपास के लोगों द्वारा डाली गई गंदगी भी इन्हीं नालों में भरी रहती है। जैसे ही पानी ओवर फ्लो होता हैं इन नालों की गंदगी और पानी सड़क पर आ जाता है जिससे लोग परेशान होते हैं। ज्ञात रहे कि नगर पालिका ने बिना किसी कार्य योजना के ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से नालों का निर्माण कराया है जिसका खामियाजा शहर की जनता को भुगतना पड़ रहा है, नगर के मुरैना रोड, एमएलडी कॉलोनी, पूठ रोड, जग्गा चौराहा, हाथी गड्ढा, सब्जी मंडी के नालों की सफाई ना होने के कारण उनमें जमा गंदगी आये दिन बाहर निकल के आ जाती हैं, जिससे दुकानदार रहवासी और राहगीर परेशान होते है, ज्ञात रहे कि नगर पालिका द्वारा प्रतिवर्ष लाखों रुपए की राशि नाला सफाई के नाम पर निकाली जाती है, उसके बावजूद भी नालों में गंदगी रहती है। नगर पालिका अपने चहेते ठेकेदारों को भुगतान कर देती है, जिससे शहर में बरसात के दिनों में लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।



### नालों पर अवैध कब्जों ने बढ़ाई मुश्किलें

बाजार में जगह-जगह नालों पर अवैध कब्जा किया हुआ है। जिस कारण पानी की निकासी अवरूद्ध हो रही है। यही वजह है कि लोगों के घरों व दुकानों में पानी घुस रहा है। हाथी गड्ढा के नवीन, अखिल कुमार ने बताया कि पानी की निकासी न होने की वजह से उनकी दुकानों के बाहर दो से तीन फीट पानी जमा हो जाता है। इससे दुकानदारी तो प्रभावित होती ही है साथ ही घरो में भी पानी भर जाता है। इसी प्रकार के हालात सब्जी मंडी सहित अन्य इलाकों के है। यहां पर नाले की सफाई पूरी तरह से ना होने के कारण जलभराव की समस्या बनी रहती है।

# क्राईम ब्रांच व थाना हजीरा पुलिस की संयुक्त कार्यवाही के चलते तीन चोरो को कार सहित किया गिरफ्तार

**ग्वालियर।** पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री अमित सांघी के निर्देश पर ग्वालियर जिले में चोरों, लुटेरों, अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। एसएसपी ग्वालियर के निर्देश पर अति. पुलिस अधीक्षक शहर (मध्य / यातायात) श्री अभिनव चौकसे, भापुसे एवं अति. पुलिस अधीक्षक शहर (पूर्व / अपराध) राजेश दण्डोतिया द्वारा थाना हजीरा क्षेत्र के सुभाष नगर में दिनांक 09/10.02.2022 की दरमियानी रात हुई लाखों के जेवरात की चोरी की घटना के आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु काईम ब्रांच व थाना हजीरा पुलिस की संयुक्त टीमों को लगाया गया था जिसके बाद वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार डीएसपी अपराध रत्नेश तोमर, विजय भदौरिया व सीएसपी श्री रवि भदौरिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी काईम ब्रांच निरी. दामोदर गुप्ता एवं थाना प्रभारी हजीरा प्रभारी मनीष धाकड़ के नेतृत्व में पुलिस टीम के द्वारा घटना स्थल के आसपास के सी.सी.टी.व्ही कैमरे देखे गये जिसमें एक




संदिग्ध आई-20 सफेद रंग की कार को घटना स्थल के आसपास देखा गया। इसके उपरान्त उक्त कार का शहर के सभी टोल नाकों के सीसीटीव्ही कैमरा से मिलान किया गया तो उक्त कार दिल्ली की तरफ जाना पाया गया। ग्वालियर पुलिस टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्य व कार की लोकेशन के आधार पर पाया कि उक्त घटना के आरोपी घटना उपरान्त दिल्ली भाग गये थे। पुलिस टीम द्वारा कार के नम्बर की जांच करने पर पाया कि उक्त कार को हरूङ्ग से संदिग्ध आरोपी को बैचा गया था। इसी दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि उक्त घटना के संदिग्ध आरोपी संगम विहार जहांगीरपुरी (दिल्ली) में देखे गये हैं। जिस पर से पुलिस टीम द्वारा मुखबिर के बताये स्थान से घटना में संलिप्त तीन शातिर नकबजनों को धरदबोचा। पकड़े गये नकबजनों से पूछताछ के दौरान उनके द्वारा थाना हजीरा क्षेत्र के सुभाष नगर में अपने चार साथियों के साथ आई-20 कार से ग्वालियर आकर दो घरों में चोरी करना स्वीकार किया। पकड़े गये आरोपियों के कब्जे से एक कार द्व20 सफेद रंग की तथा 32 हजार नगद रूपये तथा चोरी गये पैसों से खरीदी एक घड़ी जप्त की गई है। पकड़े गये आरोपियों ने बताया कि चोरी का माल हमारा जो साथी हमें ग्वालियर लेकर आया था उसकी के पास है। घटना के संबंध में सारी जानकारी भी उसी को थी, चोरी में मिले माल में से अभी तक सिर्फ नगदी का हिस्सा हुआ है, चोरी में मिले सारे जेवरात हमारे साथी के पास हैं। जिसका बटवारा उसके द्वारा बाद में करने के लिये कहा था। पुलिस टीम द्वारा उक्त जानकारी पर से मास्टर माइण्ड के घर बुराड़ी दिल्ली में दबिस दी गई तो वह घर से फरार मिला। मास्टर माइण्ड की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा उसकी तलाश की जा रही है। इन लोगों के द्वारा चोरी की घटना में प्रयुक्त वाहन को हरूङ्ग से खरीदा गया था। पकड़े गये आरोपियों का पूर्व का आपराधिक रिकॉर्ड होना पता चला है जिसके संबंध में जानकारी ली जा रही है।

**बरामद हुआ सामान:** एक कार आई-20 सफेद रंग की कीमती 02 लाख 50 हजार रूपये तथा 32 हजार रूपये नगद एवं चोरी गये पैसों से खरीदी एक घड़ी।

**सराहनीय भूमिका:** उक्त चोरो की गैंग को पकड़ने में थाना प्रभारी काईम ब्रांच निरी, दामोदर गुप्ता, थाना प्रभारी हजीरा प्रभारी मनीष धाकड़, काईम ब्रांच टीम उनि नितिन छिलर, राजीव बिरथरे. सउनि राजीव सोलकी, प्र. आर. रामबाबू, मनोज एस. आर. गौरव आर्य, अशीष शर्मा थाना हजीरा टीम उनि नरेन्द्र छिकारा, आर. रूपकिशोर, अरूण लोधी, लवकुश, श्रीकृष्ण राठौर की सराहनीय भूमिका रही है।



## युवक कांग्रेस के शहर अध्यक्ष बने महर्षि भट्ट

### कांग्रेस नेता श्रीकांत दीक्षित ने सौंपा नियुक्ति पत्र

**पन्ना जिला ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा की खबर**

बीते कुछ दिनों से कांग्रेस पार्टी की सक्रियता तेजी से बड़ी है इसी क्रम में आज युवक कांग्रेसी ने प्रदेश अध्यक्ष विक्रांत भूरिया की अनुशंसा पर जिला अध्यक्ष स्वतंत्र प्रभाकर अवस्थी ने युवक कांग्रेस के शहर अध्यक्ष की नियुक्ति की है वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्रीकांत दीक्षित ने महर्षि भट्ट को आज नियुक्ति पत्र सौंपा बड़ी संख्या में मौजूद युवक कांग्रेसियों ने खूब नारेबाजी की और महर्षि को माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया, इस दौरान कांग्रेसी नेता दीपक तिवारी, किसान कांग्रेस अध्यक्ष शशीकांत दिक्षित ,युवक कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष सौरव पटेरिया, रेवती रमण दीक्षित, संदीप विश्वकर्मा आशु पांडे अंकित राय नरेश कुशवाहा आकाश साहू, देवी सिंह, सहित बड़ी संख्या में युवक कांग्रेश के नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे

## आज दतिया में: उत्तर प्रदेश के भाजपा अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह का अतुल भूरे चौधरी ने किया स्वागत



भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह अल्प प्रवास पर दतिया आए जहां पर उन्होंने मां पीतांबरा पीठ मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की और भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया इसके पश्चात प्रदेश अध्यक्ष श्री सिंह सर्किट हाउस पहुंचे जहां पर जिला मंत्री भाजपा विस्तारक अतुल भूरे चौधरी ने मंडल के पदाधिकारियों और युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं के साथ उनका साल श्रीफल पहना कर सम्मान किया इस मौके पर संतोष कटारे देवेश चौधरी सोनू गतवार परशुराम शर्मा मंगल सिंह यादव रिंकू दुबे अमन गुप्ता प्रदीप किरार रामू दांगी वरुण दांगी राजीव शुक्ला अखिलेश कमरिया राममिलन कमरिया आनंद यादव साथ में मौजूद रहे

*अतुल भूरे चौधरी*

## सीरवी समाज के धर्मगुरू दीवान माधवसिंह का हैदराबाद एयरपोर्ट पहुंचने पर समाज के बंधुओं ने पुष्प माला पहनाकर किया भव्य स्वागत

**पुष्पाजंली टुडे/नारायणलाल सैणचा**

**हैदराबाद**–सीरवी समाज के धर्मगुरू दीवान माधोसिंह का गुरूवार सुबह 10 बजे शमशाबाद एयरपोर्ट पहुंचने पर संगारेड्डी वडेर के समाज बंधुओं द्वारा पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया गया । समाज बधुओं ने आईमाता व दीवान साहब के जयकारें लगाएं। भव्य स्वागत में जयकारों से गुंज उठा एयरपोर्ट ।इस अवसर पर बिलाड़ा नगर पालिका अध्यक्ष रूपसिंह परिहार, कल्याणसिंह सीरवी ,संगारेड्डी वडेर के अध्यक्ष रूगाराम परिहारिया,घीसाराम काग,सचिव मोहनलाल चोयल, कोषाध्यक्ष लिखराम सानपुरा, गौतम चोयल, जगदीश काग,मांगीलाल काग,दिपाराम अन्य वडेरों के अध्यक्ष भी सामिल थे। श्री आई माताजी मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पर आई पंथ के धर्मगुरू दीवान माधवसिंह के कर कमलों द्वारा 18 फरवरी शुक्रवार दोपहर दो बजे से प्रारंभ होगा। माताजी का भेल एंव धर्मगुरू दीवान माधवसिंह के बधावा के साथ समाज बंधुओ के सनिध्य में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।




## विपिन शिवहरे बने हैहयवंशी क्षत्रिय कल्चुरी समाज जिला शिवपुरी के जिला प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**– *इंटरनेशनल ह्यूमन राइट्स क्राइम कंट्रोल आर्गेनाइजेशन* जिला शिवपुरी में *शिवपुरी ब्लॉक के अध्यक्ष पद का दायित्व संभालते हुए पूरी की पूरी मानवता की सेवा तो कर ही रहे हैं जिससे उनकी कार्यप्रणाली, विचारों एवं कार्य करने के उनके जुनून को देखते हुए *शिवहरे समाज ने भी उन्हें अपना प्रवक्ता नियुक्त किया है और मीडिया का प्रभार भी सौंप दिया है, गत दिवस *होटल युवराज* खिरनी नाका पर हुए भव्य कार्यक्रम में जिसमें श्री रविंद्र शिवहरे पुरुष वर्ग श्रीमती सीमा शिवहरे महिला वर्ग एवं श्री भागीरथ शिवहरे युवा वर्ग से कलार (जायसवाल) समाज के जिलाध्यक्ष चुने गए साथ ही साथ विपिन शिवहरे को भी उक्त पदभार सौंपा गया एवं जिला उपाध्यक्ष पद का प्रभार *मटरूभैया* मगरौनी वालों को दिया गया। इस अवसर पर *विपिन शिवहरे ने कहा कि वैसे तो पूरा का पूरा मानव समाज ही उनके लिए अपना परिवार है और सभी अपने भाई बंधु ही हैं



पर यदि मुझे मेरे समाज ने समाज हित में यह जिम्मेदारी सौंपी है तो मैं जरूर अपने समाज के लिए भी उसी जुनून के साथ काम करूंगा क्योंकि मेरा *अपना समाज भी तो मानव समाज से बाहर नहीं है और प्रत्येक समाज में समाज सेवकों की आवश्यकता होती है उनके सुख दुख में साथ खड़ा होने वाले *पथ प्रदर्शक* की आवश्यकता होती है, समाज ने मुझे इस योग्य समझा है तो मैं अपनी जिम्मेदारी पूरी ईमानदारी से निभाउंगा मैं डॉक्टर राम कुमार शिवहरे जी (संरक्षक), श्री राजेश शिवहरे जी *बाबा महाराज*(संरक्षक),श्री कैलाश शिवहरे (भूसा वाले) एवं श्री रविंद्र शिवहरे जी,श्रीमती सीमा शिवहरे जी , श्री संतोष शिवहरे जी संरक्षक (हंस बिल्डिंग),श्री पवन शिवहरे जी (कोलारस) भूतपूर्व युवा जिलाध्यक्ष श्री मनोज शिवहरे, श्री भागीरथ शिवहरे जी एवं मेरी सभी माताओं बहनों एवं उपस्थित समाज के सभी बुजुर्गों भाइयों युवा साथियों का आभार व्यक्त करता हूं।??

## उत्तरप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय श्री कल्याण सिंह बाबूजी के निज सचिव का टीकमगढ़ दौरा सिद्धि सरकार

**जिला ब्यूरो चीफ टीकमगढ़ अजय खंगार की रिपोर्ट,**

**टीकमगढ़/ पलेरा**– उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय श्री कल्याण सिंह बाबूजी के निज सचिव रहे मुकेश जी टीकमगढ़ दौरे पर आए दिल्ली से चलकर एक दिन के प्रवास पर टीकमगढ़ का दौरा किया जहां टीकमगढ़ जतारा पलेरा सहित ग्रामीण इलाकों में पहुंचे सजातीय बंधुओं से मुलाकात की एवं वही नगर पलेरा सर्वप्रथम आकर बुंदेलखंड किसान मजदूर संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष मनमोहन चढ़ार के पूजनीय पिता श्री स्वर्गीय बाबूलाल चढार को विनम्र श्रद्धांजलि दी एवं वहीं ईश्वर के श्री चरणों में बाबूलाल चढ़ार को स्थान देने की सभी ने कामना की टीकमगढ़ सहित ग्रामीण इलाकों के साथ पलेरा नगर पलेरा में मुकेश जी का भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से मा. मुकेश आठ्या जी, उप्र प्रदेश अध्यक्ष रामदास सर्वोहम जी, मप्र प्रदेश अध्यक्ष दीनदयाल जी, दिनेश कुमार निरंजन बुंदेलखंड किसान मजदूर संघ राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष, नीरज यादव उर्फ राजा भैया राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा मोर्चा,राष्ट्रीय संगठन मंत्री एडवोकेट सत्येंद्र प्रकाश खरे, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी मनीष यादव, एवं ऊर्जावान मप्र प्रदेश मीडिया प्रभारी भैया उमाशंकर चढार निबोरा , , सीताराम चढार, राजू चढार , मुख्य रूप से एवं भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे



## फर्जी नोटिस भेजने वाला कर्मचारी गिरफ्तार टीकमगढ़ नगरपालिका का है मामला

**जिला ब्यूरो चीफ अजय खंगार**

**टीकमगढ़।** नगर पालिका सीएमओ को सबक सिखाने कमिश्नर के फर्जी ईमेल बनाकर नोटिस भेजने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार नगर पालिका कर्मचारी की वेतन समय पर नहीं मिल रही थी। जिसके चलते संविदा कर्मचारी संतोष विश्वकर्मा द्वारा यह कृत्य किया गया था। टीकमगढ़ के संभागीय कमिश्नर की फर्जी ईमेल आईडी बनाकर टीकमगढ़ नगर पालिका सीएमओ को नोटिस जारी करने वाले संविदा कर्मचारी को गुरुवार को देहात थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी संतोष विश्वकर्मा नगर पालिका में ही संविदा टाइम कीपर के पद पर पदस्थ है।

### *वेतन नहीं मिलने से था परेशान*



जानकारी में पता चला है कि करीब 5 माह से उसे वेतन नहीं मिला था। जिसके चलते वह काफी परेशान था और नगर पालिका सीएमओ रीता कैलासिया को सबक सिखाने के लिए उसने कमिश्नर का फर्जी ईमेल आईडी बनाकर सीएमओ को नोटिस जारी कर दिया था। देहात थाना पुलिस ने जांच के बाद गुरुवार को पूरे मामले का खुलासा किया है। देहात थाना टीआई नासिर फारुकी ने बताया कि करीब 1 सप्ताह पहले टीकमगढ़ नगर पालिका सीएमओ रीता कैलासिया को कमिश्नर के ईमेल आईडी से एक नोटिस मिला था।

### *सीएमओ को दी थी निलंबन की चेतावनी*

सीएमओ को ईमेल जारी फर्जी नोटिस में नगरीय निकाय में चल रहे निर्माण कार्यों और भुगतान में गड़बड़ी का हवाला दिया गया था। साथ ही कारण बताओ नोटिस में सीएमओ को निश्चित समय सीमा में जवाब नहीं देने पर निलंबित करने की बात कही गई थी। मामले की शिकायत सीएमओ ने देहात थाने में दर्ज कराई थी। जिसके बाद कमिश्नर के ईमेल आईडी की जांच की गई और वह फर्जी निकली। वही उक्त मामले में देहात थाना टीआई नसीर फारुकी ने बताया कि आरोपी संविदा टाइम कीपर संतोष विश्वकर्मा से मामले की पूछताछ की गई। जिसमें फर्जी 2 ईमेल से सीएमओ को नोटिस जारी करने का खुलासा हुआ। आरोपी के थाना देहात का अपराध क्रमांक. 49/22 आईपीसी 420,467, 468, 471, 471, 66डी आईपीसी एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है। वही आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# चोर को देख फिल्मी स्टाइल में बीच रोड़ पर दौड़ कर पकड़ा।

### शिवपुरी के एसआई दीपक पलिया ने किया इंदौर में कमाल।

**अनिल कुशवाह**
**मोनू नामदेव**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी।** बीती रात बंगाली चौराहे पर लोग उस समय हतप्रभ रह गए जब उन्होंने शिवपुरी के एक एसआई को पुलिस का फर्ज निभाते देखा उन्होंने फर्ज की मिसाल पेश करते हुए दिल्ली से आए मोबाइल चोर को रंगे हाथों दबोच लिया। मंगलवार को शिवपुरी जिले के कोतवाली थाने के सब इंस्पेक्टर दीपक पालिया किसी काम से इंदौर पहुंचे थे उनके कार्य बंगाली चौराहे के सिग्नल पर रुकी कार में पीछे से भाई भूपेंद्र तोमर और महेंद्र यादव एक मुलजिम को लेकर बैठे थे तभी कार चला रहे थानेदार दीपक पालिया ने कार छोड़कर अचानक युवक के पीछे दौड़ लगा दी। युवक कुछ दूर खड़ी कार में घुसता उससे पहले ही एएसआई पालिया ने उसे दबोच लिया। हालांकि कार में सवार उसके 2 साथी भागने में कामयाब हो गए। सिंगल चालू होते ही लगातार हार्न व वाहनों के शोर के बीच थानेदार को फिल्मी स्टाइल में वर्दी में दौड़ता देख लोग कुछ पल के लिए हतप्रभव रह गए लेकिन उन्हें माजरा समझते देर नहीं लगी। दीपक पालिया ने देखा बंगाली चौराहा क्षेत्र के रहने वाले इलेक्ट्रिकल कांट्रैक्टर प्रेम चंद्र दुबे की कार उनकी कार के आगे बंगाली चौराहे पर रेड सिग्नल के चलते रुकी थी। उनकी कार के दोनों कांच खुले थे तभी एक युवक कंडक्टर साइड पर पहुंचा और उन पर उसकी कार को टक्कर मारने का



आरोप लगाकर बहस करने लगा। वह उसे जवाब देते उससे पहले ड्राइविंग साइट पर एक अन्य युवक पहुंचा और उन्हें बातों में लगा लिया ध्यान बढ़ते ही कंडक्टर साइट पर खड़े युवक ने सीट पर रखे हुए के दोनों मोबाइल उठा लिए और तेजी से कुछ दूर खड़ी अपनी कार में बैठने लगा। घटनाक्रम देख रहे दीपक पालिया को माजरा समझते देर नहीं लगी और उन्होंने ताबड़तोड़ अपनी कार छोड़कर मोबाइल चुरा कर ले जा रहे बदमाश के पीछे दौड़ लगाई और उसे दबोच लिया। इस बीच सिग्नल चालू होने पर प्रेमचंद घर निकल गए और उन्हें पूरे घटनाक्रम की भनक तक नहीं लगी। पालिया ने बदमाशों को साथी सिपाइयों के हवाले कर दिया। पकड़ा चोर समीम निवासी भजनपुरा दिल्ली ने बताया कि प्रोफेशनल चोर है। साथियों के साथ भीड़भाड़ वाले कार वालों का ध्यान भटका कर उनके मोबाइल चुराता है वह दिल्ली से साथी दानिश एक अन्य के साथ इंदौर आया था

### चोर पकड़ने के लिए दिया धन्यवाद

एएसआई पालिया ने कार आगे बढ़ाकर प्रेम चंद दुबे की कार को तलाशा लेकिन वह नहीं दिखे। आखिरकार एएसआई पालिया चोर को अपनी कार में बैठाकर छतरीपुरा थाना क्षेत्र में अपने काम से निकल गए। कुछ देर बाद प्रेमचंद्र का फोन आया तो उन्हें घटनाक्रम से अवगत कराने के बाद एएसआई पालिया ने अपने पास बुलाया और मोबाइल उनके हवाले करने के बाद स्थानीय पुलिस को सूचना देकर बदमाश को उनके हवाले कर दिया।

## 12 वीं के अंग्रेजी के पेपर में मायूस दिखे छात्र-छात्राएं,6 विधार्थी थे अनुपस्तिथ

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**दबोह।** भिण्ड को नकल मुक्त बनाने के लिए प्रशासन जिस तरह से प्रयास कर रहे है वह प्रयास वाकई में भिण्ड को नकल मुक्त बनाने में बेहतर साबित होंगे।गुरुवार 17 फरवरी को 12 वी का पहला पेपर अंग्रेजी विषय का रहा।पेपर खत्म होने के बाद सेंटर से निकले बच्चो के चेहरे मायूस दिखाई दिए,बच्चो का कहना था कि जो तैयारी की थी पेपर उससे बिल्कुल हटकर आया।दरअसल दबोह में शासन द्वारा दो परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिनमे से शासकीय उ.मा. विधालय दबोह व शासकीय कन्या हाई स्कूल दबोह को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।जिसमे से शासकीय उ.मा. विधालय केंद्र क्रमांक 131068 में परीक्षा के लिए कुल 248 छात्र-छात्राएं दर्ज थी।जिसमे कुल 242 बच्चे ने सेंटर पहुंचकर अपनी उपस्तिथि दर्ज कराई व 6 बच्चे अनुपस्थित रहे।इस केंद्र पर कुल 09 कक्ष परीक्षा के लिए इस्तेमाल किये गए व कुल 15 पर्यवेक्षको नियुक्त किया गया है।वहीं शासकीय कन्या हाई स्कूल केंद्र क्रमांक 131016 पर में परीक्षा के लिए कुल 145 छात्र-छात्राएं दर्ज थी।जिसमे सभी बच्चे ने सेंटर पहुंचकर अपनी उपस्तिथि दर्ज।इस केंद्र पर कुल 08 कक्ष परीक्षा के लिए इस्तेमाल किये गए व कुल 10 पर्यवेक्षको नियुक्त किया गया है।इस तरह से 12 वीं के पहले पेपर में कुल 387 बच्चो से परीक्षा में हिस्सा लिया।तो वहीं शासन की मंशानुसार नकल मुक्त भिण्ड बनाने के लिए दबोह में पहले पेपर में कोई भी नकल प्रकरण नही बना।



## शिक्षकों के साथ प्रशासन सम्मानपूर्वक एवं सकारात्मक व्यवहार करे : डॉ नितेश शर्मा

### भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ शर्मा ने जिला कलेक्टर से की चर्चा

पंकज त्रिपाठी
*दैनिक पुष्पांजली टुडे*

**भिण्ड ।** भारतीय जनता पार्टी शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ नितेश शर्मा ने भिंड प्रवास के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा दिये गये तुगलकी आदेश के संदर्भ मे कहा कि शिक्षक समाज मे अत्यधिक सम्मानित दायित्व है। भिंड में प्राइवेट कोचिंग शिक्षकों को परीक्षा के दौरान पुलिस थाने में बैठाने के निर्णय को उन्होंने बहुत ही गलत बताया। घटना की जानकारी लगते ही उन्होंने जिला कलेक्टर एवं भोपाल मे शिक्षा विभाग के अधिकारियों से तत्काल चर्चा कर शिक्षको को पूर्ण रूप से सम्मान मिलना चाहिये। शिक्षक अपराधी नही है की उन्हे थानो मे बिठाया जाये। प्रशासन को चाहिये कि किसी सम्मानित स्थान पर बुलाकर चर्चा कर समस्याओं का समाधान खोजना चाहिये। डॉ शर्मा ने कहा कि प्राइवेट कोचिंग सेंटर पर शिक्षक प्रतियोगी परीक्षाओ से लेकर सम्बंधित विषयो मे छात्रों का मार्गदर्शन करते हैं एवं छात्रों को विषय सम्बंधी कठिनाइयों को दूर करते है। शिक्षक अपने ज्ञान और विवेक से विद्यार्थियों को अच्छी शिक्षा देने का काम करते हैं । हम सब शिक्षको से ही ज्ञान लेकर वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, डॉक्टर, इन्जीनियर, वैज्ञानिक, किसान, राजनेता से लेकर समाज के विभिन्न क्षेत्रो मे काम कर रहे है। भारतीय जनता पार्टी सभी शिक्षको का अत्यधिक सम्मान करती है द्य



## कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने हायर सेकेण्डरी की चल रही परीक्षाओं का किया निरीक्षण'



*पंकज त्रिपाठी दैनिक पुष्पांजली टुडे*

*हायर सेकण्डरी के अंग्रेजी विषय की परीक्षा में कुल 14099 छात्र-छात्राओं में से 13267 उपस्थित रहे, 832 रहे अनुपस्थित, एक नकल प्रकरण दर्ज*

**भिण्ड ।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश की हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा अंतर्गत कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस एवं पुलिस अधीक्षक श्री शैलेन्द्र सिंह चौहान ने अंग्रेजी विषय के प्रश्न पत्र की चल रही परीक्षा में शा.उ.उ.मा.वि. क्रं. 01, जैन उ.मा.वि., मॉ गिरजादेवी डीएड कॉलेज जामना रोड़, शा.मा.वि बुनियादी जेल रोड़, शा.डाइट भिण्ड, शा.मा.वि. विक्रमपुरा परीक्षा केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केन्द्र का भ्रमण कर नकल रहित भयमुक्त परीक्षा को संपन्न कराने हेतु व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान सभी केन्द्रों पर परीक्षा की व्यवस्थायें चाक-चौबंद मिलीं। परीक्षार्थियों द्वारा शांतिपूर्वक परीक्षा दी गई। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस एवं पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान ने परीक्षा केन्द्राध्यक्षों को निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित किया जावे कि परीक्षा संबंधी सभी व्यवस्था ठीक होना चाहिये। उन्होंने परीक्षा केन्द्राध्यक्षों से परीक्षा से संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने परीक्षा केन्द्रों में ड्यूटी के लिए नियुक्त शासकीय सेवकों की उपस्थिति एवं अनुपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या, परीक्षा केन्द्र में शामिल विभिन्न स्कूल सहित अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। अंग्रेजी विषय की परीक्षा में एक नकल प्रकरण दर्ज हायर सेकण्डरी के अंग्रेजी विषय की परीक्षा में कुल 14099 छात्र-छात्राओं में से 13267 उपस्थित रहे, 832 रहे अनुपस्थित, एक नकल प्रकरण दर्ज किया गया।

# सूर्य नगरी के लाल ने कोलकाता में किया कमाल क्रिकेटर रवि विश्नोई मरू प्रदेश का नाम किया रोशन

**पुष्पांजलि संवाददाता। नरेश कुमार सिरवी**

**पाली राजस्थान।** राजस्थान सूर्य नगरी के रवि बिश्नोई ने बुधवार को इंटरनेशनल क्रिकेट में होम डेब्यू किया। क्रिकेटर विश्नोई ने कोलकाता में कमाल करते हुए दमदार गेंदबाजी से भारत को विजय दिलाई। 56 नंबर की जर्सी पहनकर बिश्नोई ने अपने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के प्रथम मैच में प्रदर्शन से ना केवल देश बल्कि पूरे जोधपुर का सीना भी 56 इंच चौड़ा कर दिया। रवि बिश्नोई अपने पहले ही मैच में डेब्यू करने वाले होनहार खिलाड़ी ने वेस्टइंडीज के खिलाफ प्रथम मैच में 2 विकेट झटके और मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्राप्त किया

।मात्र 4 ओवर के स्पेल में 17 रन देकर दो महत्वपूर्ण विकेट झटक कर मैच भारत की झोली में डाला।

इंटरनेशनल क्रिकेट खेलने वाले जोधपुर के प्रथम खिलाड़ी रवि बिश्नोई जिन्होंने कभी नहीं सोचा था कि भारतीय टीम में मौका मिल कर अपने पहले ही डेब्यू मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मिले। वेस्टइंडीज को हराने के बाद 16 फरवरी को रात को ही रवि ने माता-पिता को वीडियो कॉल मातृशक्ति पितृ शक्ति से आशीर्वाद प्राप्त किया।



राजस्थान के जोधपुर के बिरामी गांव निवासी मांगीलाल और उनकी पत्नी सुगनी के लिए 16 फरवरी की रात का वो क्षण बेहद खुशनुमा था। जब भारतीय क्रिकेट टीम के सदस्य और उनके बेटे रवि बिश्नोई ने वीडियो कॉल किया। ग्रामीण पृष्ठभूमि के माता पिता और क्रिकेटर रवि की आंखों में खुशी के आंसू थे। मां सुगनी ने बताया कि यूं तो बाहर होने पर रवि रोजाना ही फोन करता है। लेकिन 16 फरवरी का फोन खास था। 16 फरवरी को पहला अवसर रहा, जब रवि विश्नोई ने भारतीय टीम के सदस्य के तौर पर कोलकाता के मैदान पर क्रिकेट खेला । रवि ने पहले ही मैच में वेस्ट इंडीज के दो दिग्गज खिलाडियों को आउट किया । रवि की स्पिन गेंदबाजी को देखते हुए ही उन्हें मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। सूर्य नगरी के लाल का सौभाग्य है कि विश्व के नंबर एक बल्लेबाज विराट कोहली जैसे खिलाड़ियों के साथ डेब्यू मैच में खेलने का मौका मिला। भारतीय टीम द्वारा सूर्य नगरी के रवि बिश्नोई का मैदान पर सम्मान किया गया। मां सुगनी देवी ने बताया कि 16 फरवरी को जब टी-20 मैच शुरू होते ही वह टीवी के सामने बैठ गई। मैच समाप्ति के बाद टीवी के सामने से तभी उठी, जब बेटे का फोन आया। मां ने कहा कि रवि ने परिवार का ही नहीं बल्कि राजस्थान और अपने देश का नाम रोशन किया है। मेरा आशीर्वाद रवि के साथ है। इसलिए वह बहुत तरक्की करेगा। बेटे का अपने देश के लिए खेलते देखना बहुत अच्छा लगता है। मालूम हो कि रवि का परिवार बहुत साधारण है। लेकिन भारतीय टीम में शामिल होने के बाद से ही रवि का परिवार जोधपुर में चमक गया। 16 फरवरी की सफलता के बाद तो रवि के परिवार को लगातार बधाइयां मिल रही है। कोलकातामैं रवि बिश्नोई द्वारा किया गया कमाल से सूर्य नगरी का नजारा अलग ही देखा गया। मरू प्रदेश के सूर्य नगरी शहर का नाम 16 फरवरी से पूरे भारतवर्ष सहित क्रिकेट खेलने वाले संपूर्ण देशों में छा गया। एक माता-पिता के लिए सबसे ज्यादा खुशी तब होती है, जब उनकी पहचान पुत्र या पुत्री की सफलता से हो। अब तक तो यही कहा जाता था कि रवि, मांगीलाल और सुगनी देवी का बेटा है, लेकिन अब कहा जाएगा कि मांगी लाल और सुगनी देवी रवि बिश्नोई के माता-पिता है। बेटे की सफलता पर पूरा परिवार गौरवान्वित है। 16 फरवरी को टी-20 मैच में भारत की जीत में रवि बिश्नोई की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कप्तान रोहित शर्मा ने रवि पर जो भरोसा जताया उस पर रवि खरे उतरे हैं। रवि का चयन वनडे क्रिकेट टीम में भी हो गया था, लेकिन तब उन्हें खेलने का अवसर नहीं मिला। 16 फरवरी को जब टी-20 में मौका मिला तो रवि ने पूरा फायदा उठाया। जानकारों के अनुसार रवि ने अब 18 फरवरी को होने वाले दूसरे टी20 मैच में अपनी जगह पक्की कर ली है।

# जिला निष्पादक समिति में घाणेराव की डिंपल राठौड़ को सदस्य मनोनित

**पुष्पांजलि टूडे। नरेश कुमार सिरवी**

**पाली ।** विशेषाधिकारी शिक्षा (ग्रुप-1) राजस्थान सरकार जयपुर के आदेश पर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, समग्र शिक्षा ने स्कूल शिक्षा विभाग एवं समग्र शिक्षा अभियान द्वारा संचालित की जाने वाली विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन एवं पर्यवेक्षण हेतु जिला स्तर पर जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में पुनर्गठित जिला निष्पादक समिति में घाणेराव की डिंपल राठौड़ को सदस्य मनोनित किया हैं। राठौड़ राजस्थान महिला कांग्रेस कमेटी की प्रदेश महासचिव भी हैं। इस महत्वपूर्ण समिति के सदस्य सचिव मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, समग्र शिक्षा होंगे। जबकि 21 विभागों के अधिकारी इसके सदस्य व चार मनोनित सदस्य होंगे। यह समिति जिले में स्कूल शिक्षा विभाग एवं शिक्षा अभियान द्वारा संचालित समस्त योजनाओं आईसीटी, शारदे बालिका छात्रावास, कस्तूरबा गाँधी



आवासीय विद्यालय, आईईडीएसएस, व्यावसायिक शिक्षा मॉडल स्कूल,आदर्श विद्यालय, उत्कृष्ट विद्यालय, एसआईक्यूई आदि कार्यक्रमों एवं गतिविधियों के क्रियान्वयन की पर्यवेक्षण एवं मॉनिटरिंग करेगी। इस मनोनयन पर राठौड़ ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत,पीसीसी अध्यक्ष गोविंदसिंह डोटासरा,शिक्षा मंत्री डॉ.बीड़ी कल्ला,महिला कांग्रेस की प्रदेशाध्यक्ष रेहाना रियाज चिश्ती, पूर्व सांसद बद्रीराम जाखड़ व बाली विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार रतन जणवा का आभार व्यक्त किया हैं। इधर,इस मनोयन पर पूर्व जिला परिषद सदस्य प्रमोद पाल सिंह मेघवाल,उपसरपंच एवं भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष दिनेश आदिवाल, पत्रकार रमजान खान प्रदेश कांग्रेस एसबीसी प्रकोष्ठ के महासचिव धन्नाराम लोहार रोहट , सहित बाली विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने राठौड़ को बधाई दी।

## खतौरा क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में राधा रानी गुना को हरा कर इंदार ने जीता फाइनल



दैनिक पुष्पांजलि टुडे
संजीव शर्मा खतौरा

स्वर्गीय राम सिंह यादव दादाजी पूर्व विधायक कोलारस की स्मृति में 1 फरवरी से चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट का आज फाइनल खेला गया जिसमें इंदार क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 14 ओवर मैं नौ विकेट पर् 134 रन् बनाये जिसके जबाब मे राधा रानी गुना 108 रन ही बना सकी विजेता टीम को 51 हजार नगद और ट्रॉफी और उपविजेता टीम को 21000 रुपए और ट्रॉफी भेंट की गई इस अवसर पर पूर्व विधायक महेंद्र सिंह यादव मंच से घोषणा की इस वर्ष की तरह हर वर्ष इस तरह की टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा और उसका प्रथम पुरस्कार 51 हजार से बढ़ाकर 100000 किया जाएगा और विजेता टीम को पुरस्कार 51 हजार होगा उन्होंने कहा की इस तरह के आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्र से प्रतिभाएं ओवर कर आएंगी इस अवसर पर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने मंच पर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मुनिया यादव नगर पंचायत अध्यक्ष बदरवास भोला भैया सांसद प्रतिनिधि अवतार सिंह यादव खतौरा सरपंच महेश सिंह यादव दुर्जन सिंह यादव संजू भैया सतपाल सिंह आदि लोग मौजूद रहे !





## ससस समिति ने जननायक कर्पूरी ठाकुर को पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजली

ब्यूरो सोनू कुमार माथुर

**एटा -** एटा आज दिनांक 17 फरवरी 22 को एटा तहसील सदर प्रांगण में सविता समाज संघर्ष समिति ने विहार प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री परम् पूज्य जननायक कर्पूरी ठाकुर को पुण्य तिथि के अवसर पर जननायक कर्पूरी ठाकुर के फोटो पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजली दी । इस अवसर समित के संस्थापक व संयोजक शीलेन्द्र कुमार सवितांश एडवोकेट ने कर्पूरी ठाकुर नमन करते हुये कहा कि दलित,पिछड़ों,व गरीवों के मशीहा कर्पूरी ठाकुर स्वतंत्रता सेनानी शिक्षक थे । उनका जन्म विहार प्रदेश के पितोसिया गांव में एक गरीव नाई परिवार में हुआ था । जिलाध्यक्ष जयप्रकाश सविता एडवोकेट ने की कर्पूरी ठाकुर विहार के दो बार मुख्यमंत्री के पद पर आसीन रहे । वह देश में आरक्षण के जनक थे अपने जीवन काल में संघर्षशील रहे । ऐतिहासिक निर्णयों के आधार पर कर्पूरी ठाकुर सदैव याद रहेंगें । वरिष्ठ उपाध्यक्ष धनपाल सिं फौजी ने बताया श्री कर्पूरी जी के पिता गोकुल ठाकुर व माता दुलारी देवी थीं । महासचिव गुड्डू त्रिदेव ने कहा हर वर्ग के शोषित लोगों के नेता थे । इस अवसर पर तुर्शन पाल सविता, अमोल श्रीवास्तव पत्रकार गंगा सिंह सविता गौरव सविता विक्रम सविता विजय सविता बृजेश सविता आशू सविता अनुज कुमार सत्यवीर सिंह आदि लोग उपस्थिति रहे ।

# लोक निर्माण विभाग राजमंत्री श्री सुरेश राठखेड़ा ने किया बैराड़ में संयुक्त तहसील कार्यालय का लोकार्पण

अनिल कुशवाह ब्युरो
पुष्पांजलि टुडे

**शिवपुरी-** लोक निर्माण विभाग राज्यमंत्री सुरेश धाकड़ (राठखेड़ा) ने आज बैराड़ में 5.63 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित तहसील कार्यालय भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह, एसडीएम राजन नाडिया सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं आमजन उपस्थित रहे। इस अवसर सर्वप्रथम साहित्य के क्षेत्र में अच्छा काम करने वाले शिक्षक श्री श्याम बिहारी शर्मा सरल द्वारा रचित सरल बाल पहेलियां पुस्तक का विमोचन राज्यमंत्री श्री राठखेड़ा, कलेक्टर श्री सिंह एवं मंचासीन सभी अतिथियों द्वारा किया गया।



राज्यमंत्री श्री राठखेड़ा द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं केंद्रीय उड्डयन मंत्री श्री सिंधिया के सहयोग से पोहरी क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। गुरूवार को तहसील की बिल्डिंग का जो लोकार्पण हुआ है उसमें सभी अधिकारी संयुक्त रूप से बैठकर अच्छा कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि बैराड़ नगर को आने वाली गर्मियों में गांव-गांव में पानी की समस्या से निजात पाने के लिए हैंडपंप लगवाए जाएंगे, इसकी स्वीकृति जल्दी ही मिल जाएगी। बैराड़ में अति शीघ्र महाविद्यालय की नींव भी रखी जाएगी।

कलेक्टर श्री सिंह द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि बैराड़ में बड़ी संयुक्त तहसील का निर्माण हुआ है, इसी में बैठकर अधिकारी अंदर कार्य करते हैं, बाहर की व्यवस्थाओं को देखना जनप्रतिनिधियों एवं उपस्थित जनता का कार्य है। मुझे आशा है कि बाहर से भी बैराड़ नगर की जनता इस प्रांगण को अच्छा एवं सुसज्जित रखेगी। इस प्रांगण में और अच्छा करने के लिए इसमें वृक्षारोपण भी किया जाएगा।

इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य केशव सिंह तोमर, सेठ मेवालाल डॉ.तुलाराम यादव, विजय सिंह यादव द्वारा भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन शिव कुमार श्रीवास्तव एवं आभार प्रदर्शन एसडीएम श्री राजन बी नाडिया द्वारा किया गया। उल्लेखनीय है कि लोक निर्माण विभाग राज्यमंत्री सुरेश धाकड़ (राठखेड़ा) ने गतदिवस पोहरी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत महेशपुर में 24.20 लाख रू की लागत से पेयजल व्यवस्था हेतु नल-जल योजना का लोकार्पण तथा ग्राम सेमरी ग्राम पंचायत गूंगरीपुरा में 35.39 लाख रुपए का भूमिपूजन भी किया गया।

# एमजेएस महाविद्यालय में ऑनलाईन एलुमनाई मीट का हुआ आयोजन

*पंकज त्रिपाठी/दैनिक पुष्पांजली टुडे*

**भिण्ड ।** शासकीय एम.जे.एस. स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिण्ड में ऑनलाइन एलुमनाई मीट का आयोजन किया गया। पूर्व छात्र सम्मेलन में महाविद्यालय के कई पूर्व गणमान्य छात्रों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दी और अपने-अपने बैच के महत्वपूर्ण व यादगार क्षणों को महाविद्यालय और अपने साथियों के साथ साझा किया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में प्रख्यात पत्रकार, कवि, संपादक डॉ. राकेश पाठक ने अपने महाविद्यालयीन अनुभवों को शामिल करते हुये बताया कि उनके समय में महाविद्यालय में सांस्कृतिक गतिविधियां महत्वपूर्ण हुआ करती थीं। हम मित्रों ने जिला संभाग एवं प्रदेश स्तर पर कई सम्मान किये थे। इसके बाद शहडोल जिले के सी.एम.आर. और आदिशंकराचार्य व भगवान परशुराम जैसे प्रसिद्ध उपन्यासों के लेखक राजीव शर्मा जी ने अपना महत्वपूर्ण वक्तव्य दिया कि उनके समय में महाविद्यालय शैक्षणिक स्तर पर काफी ऊंचा था तथा सांस्कृतिक गतिविधियां भी नियमित रूप से संचालित होती थीं। अपने वक्तव्य के अन्त में उन्होंने आश्वासन भी दिया कि महाविद्यालय में कोर्स, स्टाफ, विस्तार आदि से सम्बन्धित समस्याओं को हल करने में भी उनका सहयोग लिया जा सकता है। तदोपरान्त एक अन्य पूर्व छात्र अजय वाजपेयी ने भी अपने छात्र जीवन के महत्वपूर्ण यादगार क्षणों को साझा करने के साथ-साथ अपने गजलों की तरन्नुम में प्रस्तुति देकर साथी मित्रों, श्रोताओं एवं दर्शकों को भी आल्हादित किया। इसके बाद कमिश्नर सेन्ट्रल कस्टम एक्साइज, चण्डीगढ़ रमन मेहता ने भी अपने छात्र जीवन के अनुभव और तत्कालीन प्रोफेसरों के अनुशासन की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इसके बाद एक अन्य महत्वपूर्ण शायर अतुल अजनबी ने भी अपने अनुभव को साझा करते हुए उस समय कॉलेज के सामने मारे गये एक नाग-नागिन और उससे जुडे अंधविश्वासों के बारे में भी बताया। साथ ही उन्होंने अपनी मधुर आवाज में गजल और शेर पढ़कर उपस्थित जनों को प्रसन्नता से भर दिया। इसके अतिरिक्त सिविल जज श्री रानू पाल ने भी अपने छात्र जीवन के अनुभवों को साझा किया और इस प्रकार के आयोजनों में अपनी सतत् भागीदारी हेतु भी सहमति दी। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में विजेन्द्र यादव, कौशलेन्द्र सिंह जादौन, फ्लोरिडा यू.एस.ए., पत्रकार गणेश भारद्वाज, पत्रकार एवं संपादक रामानंद सोनी, उपेन्द्र सिंह कुशवाह, ए.असफल, डॉ. जितेन्द्र विसारिया, प्रो. देवेन्द्र सिंह, डॉ. राजेन्द्र सिंह राठौर, डॉ. गजेन्द्र सिंह, प्रो. आशीष गुप्ता, डॉ. हेमन्त कुमार दुबे इत्यादि ने भी अपने-अपने महत्वपूर्ण स्मरणीय अनुभव साझा किये। मित्रगणों ने गजल संस्मरण इत्यादि से एक-दूसरे का मनोरंजन किया। कार्यक्रम का स्वागत वक्तव्य रसायन शास्त्र की प्रोफेसर डॉ. ऋचा सक्सेना और वाणिज्य विभाग के प्रो. कमल कुमार हिण्डोलिया ने दिया। बीज वक्तव्य महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनूप श्रीवास्तव ने दिया। आभार प्रो. अभिषेक यादव द्वारा प्रदान किया गया। सम्पूर्ण कार्यक्रम का संयोजन डॉ. आभास अस्थाना ने किया।

# शहरों की तर्ज पर गाँवों में भी घर-घर नल से पानी पहुँचाने के लिए सरकार कटिबद्ध : श्री कुशवाह

### राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कुशवाह द्वारा बिल्हारा व जखारा में नल-जल योजनाओं का भूमिपूजन

### अन्य विकास कार्यों की सौगातें भी दीं



ग्वालियर। शहरों की तर्ज पर ग्रामीण अंचल में भी घर-घर नल के जरिए पेयजल उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश सरकार कृत संकल्पित है। इसी सोच के साथ प्रदेश सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के तहत गाँव-गाँव में नल-जल योजनाओं को मूर्तरूप दिया जा रहा है। यह बात उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री भारत सिंह कुशवाह ने विकासखण्ड मुरार के ग्राम बिल्हारा व जखारा में अलग-अलग नल-जल योजनाओं के भूमिपूजन कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीण जनों को संबोधित करते हुए कही। श्री कुशवाह ने दोनों गाँवों की नल-जल योजनाओं सहित कुल 3 करोड़ 28 लाख रूपए लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। जिनमें तालाब जीर्णोद्धार व सीमेंट कंक्रीटयुक्त सड़क शामिल है।

राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कुशवाह ने बिल्हारा व जखारा में अलग-अलग आयोजित हुए कार्यक्रम में मौजूद दोनों गाँवों के निवासियों को आश्वस्त किया कि यहाँ की नल-जल योजनायें आगामी नवम्बर माह तक पूरी हो जायेंगीं। इसके बाद हर घर में नल की टोंटी से पानी उपलब्ध होगा। इससे खासतौर पर महिलाओं को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने इस अवसर पर कार्यपालन यंत्री पीएचई को निर्देश दिए कि नल-जल योजना के ठेकेदार का पूरा भुगतान तभी किया जाए जब गाँव के हर घर में नल कनेक्शन हो जाएं। श्री कुशवाह ने यह भी कहा कि नल-जल योजनाओं के साथ-साथ दोनों गाँवों में पुराने जलाशयों के जीर्णोद्धार के लिए भी भूमिपूजन किया गया है। इन जलाशयों के जीर्णोद्धार से गाँव के जल स्तर में बढ़ोत्तरी होगी। इस दौरान राज्य मंत्री श्री कुशवाह ने ग्राम बिल्हारा की विद्युत समस्या के समाधान के लिए 25 केव्हीए के विद्युत ट्रांसफार्मर को 63 केव्हीए के ट्रांसफार्मर में तब्दील करने के निर्देश कार्यक्रम में मौजूद विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों को दिए। साथ ही कहा कि अप्रैल माह में इस गाँव में एक नया ट्रांसफार्मर भी लगवाया जायेगा। उन्होंने ग्रामीणों की मांग पर गाँव में स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित करने की बात भी कही।

इसी तरह ग्राम जखारा में आयोजित हुए कार्यक्रम में श्री कुशवाह ने ग्रामीणों द्वारा मांग किए जाने पर यहाँ के एक और तालाब का जीर्णोद्धार कराने की घोषणा भी इस अवसर पर की। साथ ही कहा कि गाँव की सड़क संबंधी मांग भी सरकार पूरा करेगी।

भूमिपूजन कार्यक्रम में सर्वश्री प्रेम सिंह राजपूत, धर्मेन्द्र राणा, केशव सिंह गुर्जर, चरण सिंह राणा, गब्बर सिंह बघेल व रामेश्वर शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, एसडीएम मुरार श्रीमती पुष्पा पुषाम तथा कार्यपालन यंत्री जल संसाधन व लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

### बिल्हारा में इन कार्यों का हुआ भूमिपूजन

राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री भारत सिंह कुशवाह ने ग्राम बिल्हारा में 92 लाख रूपए लागत की नल-जल योजना और 111 लाख रूपए लागत के तालाब जीर्णोद्धार कार्य का भूमिपूजन किया। जल जीवन मिशन के तहत मंजूर हुई नल-जल योजना के पूर्ण होने पर बिल्हारा गाँव के सभी 380 परिवारों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगा। योजना के तहत सवा लाख लीटर क्षमता की उच्च स्तरीय टंकी, 20 हजार लीटर क्षमता की भू-स्तरीय टंकी, तीन नवीन नलकूप, 4 हजार मीटर पाइपलाईन व सभी 380 परिवारों के घरों में घरेलू नल कनेक्शन दिए जायेंगे।

### जखारा गाँव को मिली ये सौगातें

राज्य मंत्री श्री भारत सिंह कुशवाह ने ग्राम जखारा में लगभग 91 लाख रूपए लागत की नल-जल योजना, 26 लाख रूपए की लागत से तालाब जीर्णोद्धार और लगभग साड़े 8 लाख रूपए लागत की सीसी रोड़ (चपरौली रोड़ से सिद्धबाबा खोह तक) का भूमिपूजन किया।

# आरएसीडीसी में छायाचित्रों ने बांधा समा, सुरमयी शाम के साथ हुई विदाई

### स्मार्ट सिटी व ग्वालियर फ़ोटोग्राफ़ी क्लब द्वारा आयोजित 7 दिवसीय प्रदर्शनी का समापन



ग्वालियर। ग्वालियर स्मार्ट सिटी द्वारा विकसित रीजनल आर्ट एंड क्राफ़्ट डिवेलप्मेंट सेंटर पर ग्वालियर फ़ोटोग्राफ़ी क्लब द्वारा आयोजित फ़ोटोग्राफ़ी एग्ज़िबिशन का आज गुरुवार को समापन किया गया।

समापन कार्यक्रम में गायक कलाकार मित्र समूह द्वारा स्वर्गीय लता मंगेशकर को गायन के माध्यम से भावभीनी श्रद्धाजलि दी गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि स्मार्ट सिटी सीईओ श्रीमती जयति सिंह ने ग्वालियर फ़ोटोग्राफ़ी क्लब को प्रदर्शनी के सफल आयोजन पर शुभकामनाएँ दीं। क्लब के सचिव श्री नीलकमल माहेश्वरी, जानेमाने वाइल्ड्लायफ़ फ़ोटोग्राफ़र श्री संजय दत्त शर्मा, डॉक्टर रवींद्र बंसल व श्री प्रतीक रावल को मुख्य अतिथि श्रीमती सिंह द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट किये गये। श्रीमती जयति सिंह ने बताया कि ग्वालियर फ़ोटोग्राफ़ी क्लब शहर में युवाओं के लिये प्रेरणादायक कार्य कर रहा है तथा शौक़ के अलावा करीयर के विकल्प में भी फ़ोटोग्राफ़ी सम्भावनाओं से पूर्ण क्षेत्र है । श्रीमती सिंह ने बताया कि आरएसीडीसी के पुनर्विकास का मुख्य उद्देश्य कलाकारों को एक बेहतर मंच प्रदान करना है व यहाँ आयोजित प्रदर्शनियों से कला प्रेमियों व कलाकारों के बीच एक सम्बंध स्थापित किया है । ग्वालियर फ़ोटोग्राफ़ी क्लब के सदस्यों द्वारा श्रीमती सिंह को श्री संजय दत्त शर्मा द्वारा खींची गयी फ़ोटो प्रदान की गई ।

समापन समारोह के उपलक्ष पर स्वर्गीय लता मंगेशकर जी को गायन के माध्यम से श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये। कार्यक्रम का आयोजन गायक कलाकार मित्र समूह द्वारा किया गया । समूह के संस्थापक श्री सुरेश घोडके व उनके सदस्यों ने लता मंगेशकर जी के गीतों की प्रस्तुति दी। मंच संचालन श्रीमती पूजा जैन ने किया । संगीत गुरु श्री संजय देवले जी का इस कार्यक्रम में सम्मान किया गया । कार्यक्रम में लता जी के एकल व युगल 14 गानों की प्रस्तुति की गई । कार्यक्रम के अंत में श्रीमती अनुराधा घोडके ने आभार व्यक्त किया ।

## संक्षिप्त समाचार

### जब्तशुदा वाहनों की नीलामी सम्पन्न कराने के लिए समिति गठित

**पुलिस कोतवाली में 23 फरवरी को होगी मोटरसाइकिलों की नीलामी**

ग्वालियर 17 फरवरी 2022/ पुलिस थानों में रखे जब्तशुदा लावारिस वाहनों की विधिवत नीलामी की जा रही है। इस क?ी में पुलिस थाना कोतवाली में भी वाहनों की नीलामी की प्रक्रिया प्रचलन में है। कोतवाली में 23 फरवरी को प्रात÷ 11 बजे जब्तशुदा 66 मोटरसाइकिलों की नीलामी की जायेगी। वाहनों की नीलामी की प्रक्रिया को सम्पन्न कराने के लिए अनुविभागीय दण्डाधिकारी लश्कर श्री अनिल बनवारिया द्वारा तहसीलदार लश्कर श्रीमती नीना गौर की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई है। अनुविभागीय दण्डाधिकारी लश्कर के कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार मोटरसाइकिल की नीलामी में भाग लेने के इच्छुक लोगों से मूल्यांकित राशि की 50 प्रतिशत राशि डिमांड ड्राफ्ट के जरिए 21 फरवरी 2022 को सायंकाल 5 बजे तक इस समिति द्वारा प्राप्त की जायेगी।

### जल जीवन मिशन में करीब 1051 करो? की जल-प्रदाय योजनाएँ मंजूर

**32 जिलों की ग्रामीण आबादी होगी लाभान्वित**

ग्वालियर। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने जल जीवन मिशन में 1050 करोड़ 77 लाख 4 हजार रूपये लागत की 1339 ग्रामीण नलजल प्रदाय योजनाओं (रेट्रोफिटिंग) की स्वीकृति जारी की है। इसमें 1327 जल-प्रदाय योजनाओं का कार्य लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और 12 जल-प्रदाय योजनाओं का कार्य जल निगम द्वारा किया जायेगा। जल जीवन मिशन में पूरे प्रदेश की ग्रामीण आबादी को नल कनेक्शन से जल उपलब्ध करवाने का कार्य किया जा रहा है। अब तक प्रदेश में 46 लाख 56 हजार से अधिक परिवारों को मिशन का लाभ दिया जा चुका है।

# ग्वालियर जिले के 8 हजार 835 किसानों के खातों में फसल क्षति की

### 10 करोड़ 60 लाख 30 हजार रूपए से अधिक की राशि डाली गई

### प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने मुख्यमंत्री श्री चौहान, केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर एवं श्री सिंधिया के प्रति किया आभार प्रकट

ग्वालियर। किसानों की फसल असामायिक वर्षा एवं ओलावृष्टि से नष्ट होने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश के 23 जिलों के एक लाख 46 हजार से अधिक किसानों के खातों में 202 करोड़ 90 लाख रूपए की फसल क्षति राशि सिंगल क्लिक से किसानों के खातों में डाली। इनमें ग्वालियर जिले के 8 हजार 835 किसानों के खातों में 10 करोड़ 60 लाख 30 हजार 507 रूपए की राशि भेजी गई। ग्वालियर जिले के प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश के जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने किसानों के फसल की क्षति के रूप में राहत राशि देने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति आभार प्रकट किया है। उन्होंने केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, क्षेत्रीय सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर के प्रति भी आभार प्रकट किया है। जिन्होंने संकट के समय में तत्काल किसानों के पास पहुँचकर उनको सरकार की ओर से हर संभव सहायता दिलाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# मध्य प्रदेश के व्यापार एवं उद्योग को प्रतिस्पर्धात्मक बनाने व राजस्व में बढोत्तरी के लिए कर की दरें समीपवर्ती प्रदेशों के समान की जायें : एमपीसीसीआई

**चेम्बर ऑफ कॉमर्स ने वर्ष 2022-23 के राज्य बजट हेतु प्रेषित किए सुझाव**

ग्वालियर। मध्य प्रदेश के व्यापार एवं उद्योग को प्रतिस्पर्धात्मक बनाने व राजस्व में बढोत्तरी के लिए कर की दरें समीपवर्ती प्रदेशों के समान रखे जाने की प्रमुख मांग के साथ म.प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री (एमपीसीसीआई) द्वारा आज मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री-श्री शिवराज सिंह चौहान, वाणिज्यिक कर मंत्री-श्री जगदीश देवड़ा, ऊर्जा मंत्री-श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर को वर्ष 2022-23 के राज्य बजट हेतु बजट पूर्व ज्ञापन प्रेषित किया गया है। एमपीसीसीआई अध्यक्ष-विजय गोयल, मानसेवी सचिव डॉ प्रवीण अग्रवाल संयुक्त अध्यक्ष-प्रशांत गंगवाल, उपाध्यक्ष-पारस जैन, मानसेवी संयुक्त सचिव-ब्रजेश गोयल एवं कोषाध्यक्ष-वसंत अग्रवाल द्वारा प्रेस को जारी विज्ञप्ति में अवगत कराया गया है कि हमारा मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ, राजस्थान, गुजरात की सीमाओं से घिरा हुआ है। प्रदेश के व्यापार एवं उद्योग को प्रतिस्पर्धात्मक बनाने के लिए आवश्ड़यक है कि हमारे यहां कोई भी कर की दर ऐसी न हो, जो कि पड़ौसी राज्यों की तुलना में अधिक हो तथा यदि किसी वस्तु पर पड़ौसी राज्यों में कर नहीं लगता है तो हमारे यहां भी नहीं लगना चाहिए। इससे हमारे प्रदेश के व्यापार एवं उद्योग प्रतिस्पर्धात्मक होकर उन्नति करेंगे और इससे सरकार को भी अधिक राजस्व मिल सकेगा। एमपीसीसीआई द्वारा निम्नानुसार वित्तीय वर्ष 2022-23 के प्रस्तावित बजट पर सुझाव प्रेषित किये गये हैं।

**पेट्रोल-डीजल पर वेट की दर को कम किया जाए :** राज्य सरकार द्वारा पेट्रोल-डीजल पर सम्पूर्ण देश में वेट सर्वाधिक वसूल किया जा रहा है। म. प्र. में पेट्रोल-डीजल पर कर की दरें पड़ौसी राज्यों से काफी अधिक होने के कारण प्रदेश में विकास की गति पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है क्योंकि इससे माल ढुलाई पर सीधा असर पड़ रहा है । वहीं जो पेट्रोल-डीजल से संबंधित व्यवसाई हैं, उनके व्यापार पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है । इसलिए यह आवश्ड़यक है कि राज्य में पेट्रोल-डीजल पर वैट की दर को पड़ौसी राज्यों से कम किया जाए, ऐसा होने से विक्रय की मात्रा बढ़ेगी।

# राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव के तहत जिला स्तरीय प्रतियोगिता 19 फरवरी को

ग्वालियर। नेहरू युवा केन्द्र संगठन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त माध्यम से राष्ट्र निर्माण एवं नीति निर्धारण में युवाओं की भूमिका सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर नेशनल यूथ पार्लियामेंट फेस्टिवल का आयोजन कर रहा है। नेशनल यूथ पार्लियामेंट फेस्टिवल के अंतर्गत ग्वालियर जिले में जिला स्तरीय युवा संसद का आयोजन नेहरू युवा केन्द्र ग्वालियर एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी ईकाइयों द्वारा 19 फरवरी को वर्चुअल माध्यम से किया जा रहा है। राष्ट्रीय स्तर पर युवा संसद महोत्सव प्रतियोगिता 8-9 मार्च को दिल्ली में आयोजित होगी। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 2 लाख, द्वितीय पुरस्कार 1.5 लाख एवं तृतीय पुरस्कार एक लाख रूपए है। इस राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली युवा संसद में राज्य स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागी शामिल होंगे। राज्य स्तरीय युवा संसद का आयोजन 23 से 27 फरवरी 2022 के बीच किया जाना है। राज्य स्तरीय युवा संसद के प्रतिभागियों का चयन मध्यप्रदेश के प्रत्येक जिले से वर्चुअल माध्यम से किया जाना है। नेहरू युवा केन्द्र ग्वालियर जिला युवा अधिकारी सुश्री नेहा जादौन से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला स्तरीय युवा संसद आयोजन हेतु मध्यप्रदेश में 12 नोडल जिले बनाए गए हैं, जिनमें ग्वालियर जिले को भी शामिल किया गया है। नेहरू युवा केन्द्र ग्वालियर एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में 19 फरवरी को आयोजित की जा रही युवा संसद में भिण्ड, ग्वालियर, मुरैना और श्योपुर जिले के 15 से 29 वर्ष के इच्छुक युवा प्रतिभागिता करेंगे। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा निर्धारित विषय (अतुल्य भारत, आयुष्मान भारत, बेटी बचाओ-बेटी प?ाओ, स्किल इंडिया, स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत और डिजिटल इंडिया) में से प्रतिभागी किसी एक विषय पर अधिकतम 4 मिनट में अपनी बात रखेंगे। जिला स्तर पर सर्वश्रेष्ठ दो वक्ताओं का चयन किया जाएगा, जो वर्चुअल माध्यम से की जा रही राज्य स्तरीय युवा संसद का हिस्सा बनेंगे। जिला स्तरीय युवा संसद में भाग लेने के इच्छुक युवा निर्धारित प्रपत्र में अपना पंजीयन पत्र एवं अपनी एक से दो मिनट के भाषण की वीडियो ई-मेल के माध्यम से nykgwalior@yahoo.com अथवा वॉट्सएप नंबर 9664380255 पर 17 फरवरी तक भेज सकते हैं। इस वीडियो के आधार पर प्रतिभागी चयनित किए जायेंगे, जो जिला स्तरीय युवा संसद में प्रतिभागिता देंगे।




# ग्वालियर आयोध्य नगरी फूलबाग मैदान में भव्य पंचकल्याण महोत्सव 18 से 24 फरवरी तक आयोजित होंगे

### कल मुनिश्री के सानिध्य गोपाचल के पार्श्वनाथ से करेंगेआव्हान, पंचकल्याक का होगा आगाज

### 18 फरवरी को देवो का आव्हान गोपाचल पर्वत व 19 को पंचकल्याणक महोत्सव के लिए मंगल कलश शोभायात्रा निकलेगी

ग्वालियर-आयोध्य नगरी फूलबाग मैदान में 18 से 24 फरवरी तक दिगंबर जैन तीर्थ गोपाचल पर्वत की धर्म नगरी के इतिहास में प्रथम बार वात्सल्य सरोवर राष्ट्रसंत मुनिश्री विहर्ष सागर महाराज, मुनिश्री विजयेश सागर महराज, मुनिश्री विनिबोध सागर महाराज ऐलकश्री विनियोग सागर महाराज व ब्रह्मचारिणी प्रियंका दीदी रीना दीदी एवं नीतू दीदी ससंघ के मंगल सानिध्य एवं प्रतिष्ठिचार्य अजित कुमार शास्त्री एवं सह प्रतिष्ठाचार्य चंद्रप्रकाश जैन के मार्ग दर्शन में 18 से 24 फरवरी तक श्रीमद् मज्जिनेन्द्र जिनबिंब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव विश्वशांति महायज्ञ एवं गजरथ महोत्सव आयोजित होगा। मंच कलाकर चक्रेश जैन टीकमग? एवं संगीतकार संजय कुमार पाटी भोपाल होगी।




**पत्थर को भगवान बनाने की विधि है पंचकल्याणक**

मुनिश्री विहर्ष सागर महाराज ने नई स?क स्थित चंपाबाग धर्मशाला मे प्रेसवार्ता में बताते हुए कहाकि पंचकल्याणक क्या होता है, यह पत्थर (पाषाण) को भगवान बनाने की विधि है। तीर्थंकर बनने की पांच घटनाएं होती हैं। गर्भ, जन्म, वैराग्य, केवल ज्ञान और मोक्ष। पंचकल्याणक के दौरान पांचों दिन एक-एक घटना के संदर्भ में अनुष्ठान होता है। तीर्थंकर के गर्भधारण करने के 6 माह से देवता रत्नों की वर्षा करने लगते हैं। मुनिश्री ने कहा पंचकल्याणक क्यों होते है- पत्थर से बनी प्रतिमाएं निर्जीव होती हैं। पहले अनुष्ठान के साथ ही उन्हें जीव मान लिया जाता है। संपूर्ण अनुष्ठान होने के बाद ही मूर्तियां मंदिर में विराजमान करके पूजने लायक होती हैं। मुनिश्री विजयेष सागर भी मौजूद थे। आयोजन समिति के मुख्य मार्गदर्शक अजीत वरैया, अध्यक्ष सिंघई महेशचंद जैन गुरू, महामंत्री पवन जैन पत्रकार, मुख्य संयोजक बालचंद जैन, संयुक्त अध्यक्ष विकास गंगवाल, संयोजक विनय कासलीवाल, निर्मल पाटनी पदमचंद जैन गार्ड, आदि मौजूद थे।

**पंचकल्याकण में मुनिश्री प्रतिमाओ को सूरीमंत्र**

महोत्सव के अध्यक्ष सिंघई महेश जैन गुरू, महामंत्री पवन जैन एवं मुख्य संयोजक बालचंद्र जैन ने बताया कि पंचकल्याण महोत्सव के लिए श्री दिगंबर जैन तीर्थ गोपाचल पर्वत मदिर की वेदी मुख्य प्रतिमा भगवान पार्श्वनाथ की होगी। वही चौबीसी भगवान, आदिनाथ, वासपूज्य एवं धर्मनाथ एवं अन्य प्रतिमाओ को पंच कल्याणक मे मुनिश्री सूरीमंत्रो की क्रिया पूज्य करेगे।

**निकालेगी कलश यात्रा, शोंभायात्रा में उदयपुर का बैड, हाथी, बाग्गिया होगी सम्मिलित**

आयोजन के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया की मुनिश्री विहर्ष सागर महाराज के सानिध्य में समन्यक जैन मिलन ग्वालियर के ओर से 19 फरवरी को प्रात-7÷30 बजे नई स?क स्थित चंपाबाग धर्मशाला सें मंगल कलश घटयात्रा निकाली जाएगी। घटयात्रा में 3 हाथी, 24 बाग्गियो में इंद्रा इद्राणिया सवार रहेगे। घोडे, डी.जे, उदयपुर बैड, 6 बैड, तासेढोल, डाडिया एवं 3 रथो में भगवान जिनेद्र की प्रतिमा विरजित होकर चलेगी।

**18 से 24 तक पंचकल्याणक महोत्सव के ये कार्यक्रम रहेंगे**

पंचकल्याणक महोत्सव में 18 फरवरी फूलबाग स्थित जैन गोपाचल पर्वत पर मुनिश्री के सानिध्य भगवान पार्श्वनाथ के देवी देवताओं का आव्हान, पूजन व अनुष्ठान प्रातः 8 बजे से कार्यक्रम होगा। 19 फरवरी को मंगल कलशा घटयात्रा निकालेगी। कार्यक्रम स्थल पर जैन ध्वज रोहण व रात्रि में गर्वकल्याण में सोलह स्वप्न दिखाए जायेगे। 20 फरवरी को सुबह भगवान अभिषेक , प्रवचन, महिलाओ द्वारा प्रतिमाओं की शुद्धिकरण, गोद भराई व शाम को गर्भकल्याणक इंद्रा सभा होगी।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478